खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 111 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है : खड़गे पेज 2



एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप: आशीष लिमाए ने गोल्ड जीता खेल टाइम्स



फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात सम्पादकीय



अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला पेज 12


# भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन से गले मिले पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, रेड कार्पेट वेलकम दिया
- पहले ही रूस के कई मंत्री पहुंच चुके थे दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल गांधी

- पहले विदेशी मेहमानों से विपक्षी नेताओं को मिलने दिया जाता था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे, तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है, लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं।



### पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। श्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता व आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मजबूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक पर करीब साढ़े तीन घंटे की चर्चा और उस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद राज्यसभा ने बिना किसी संशोधन के इसे लोकसभा को लौटने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसे बुधवार को लोकसभा की मंजूरी मिल गई थी। चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे जहां राजस्व वसूली का प्रयास बताते हुए विधेयक की आलोचना की, वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुनिया में 80 देश सिगरेट की कीमतों को निरंतर बढ़ाते रहते हैं, ताकि इसके उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिगरेट महंगाई सूचकांक के मानकों के अनुसार इस पर कर एवं शुल्क की दरों में संशोधन करता है।

### राजस्थान में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कोल्डवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3. 2डिग्री सेल्सियस और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री सेल्सियस, कल्पा में -1.5डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में -3.9डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2डिग्री सेल्सियस- 3डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य व केंद्र सरकार अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम न कर पाने पर बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए। टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओ टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं। टीवीके वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हमारे पास 35 से 40 बीएलओ की जानकारी है, जिन्होंने एसआईआर के दौरान बहुत ज्यादा काम के दबाव की वजह से आत्महत्या की है। ये सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। इन्हें धारा 32 आरओपीए के तहत नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर वे समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करेंगे, तो उन्हें 2 साल की जेल होगी। उत्तर प्रदेश में बीएलओ के खिलाफ 50 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्हें (चुनाव आयोग) इस पर गर्व है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देखिए, यह कानूनी प्रक्रिया है, तो इसे करना ही होगा। कोई बीमार हो सकता है। मौत के अन्य स्वास्थ्य कारण भी हो सकते हैं। राज्य सरकारें इन कर्मचारियों को तैनात करती हैं। इसलिए हम राज्यों को बता सकते हैं कि जहां भी कर्मचारियों को समस्या हो रही है, उनकी जगह किसी और को नियुक्त किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कर्मचारी, एसआईआर सहित, वैधानिक कर्तव्यों को पूरा के लिए चुनाव आयोग के -**शेष पृष्ठ दो पर**

**SIR में लगे 29 BLO की अब तक हो चुकी है मौत**



# विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन सोनिया गांधी बोलीं- कैसे सांस लें

शाह टाइम्स ब्यूरो




- बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।' सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में श्रीमती गांधी ने कहा कि बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं। श्रीमती गांधी ने प्रदूषण के संकट को लेकर बुधवार को एक अखबार में लेख भी लिखा था, जिसमें खनन की इजाजत देने की सरकार की नीति की आलोचना की गई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिन से सक्रिय हैं।

# सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे: गडकरी

- संसद में बोले : बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा।

उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था।

### रुपया 90.43 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपये में गुरुवार को और गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में यह 90.43 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 18.50 पैसे गिरकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया गुरुवार को 21.50 पैसे की गिरावट में 90.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.43 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। रुपया बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट में बंद हुआ था।

# इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द, आज भी जारी रहेगी परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में गुरुवार को उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की हैं। शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं।




### सुषमा स्वराज के पति पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसम्बर को निधन हो गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।

# भाजपा को 959, कांग्रेस को 313 करोड़ चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ दिए
- भाजपा को मिला चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा

**नई दिल्ली।** भाजपा को साल 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये कांग्रेस से करीब तीन गुना राजनीतिक चंदा मिला। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये 959 करोड़ रुपये मिले।

कांग्रेस को मिले कुल चंदे 517 करोड़ में से 313 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये हासिल हुए। बीते साल की रिपोर्ट बताती है कि तृणमूल कांग्रेस को कुल 184.5 करोड़ का चंदा मिला, जिसमें 153 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट से आए। कांग्रेस की वार्षिक डोनेशन रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि भाजपा की रिपोर्ट अपलोड नहीं हुई है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था हैं, जिसके जरिये राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से सियासी दलों तक पहुंचाया जाता है। देश में कंपनियां राजनीतिक दलों को सीधे दान नहीं देती। इसलिए, वे इलेक्टोरल ट्रस्टों के जरिये राजनीतिक दलों तक चंदा पहुंचाती हैं। इलेक्टोरल ट्रस्टों की रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के बाद भी भाजपा की फंडिंग कम नहीं हुई। पार्टी को प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट से 757.6 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक ट्रस्ट से 150 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट से 30.1 करोड़, ट्रायम्फ ट्रस्ट से 21 करोड़, जन कल्याण ट्रस्ट से 9.5 लाख और आइंजिगार्टिग ट्रस्ट से 7.75 लाख रु. मिले। 2018-19 में भी टाटा ग्रुप के पीईटी ने 3 दलों को 454 करोड़ रुपये बांटे थे। इनमें से 356 करोड़ रुपये भाजपा को मिले थे।

# तृणमूल कांग्रेस ने विधायक कबीर को किया निलंबित

- भरतपुर विधायक ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का दिया था प्रस्ताव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया। भरतपुर विधायक कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिस पर उठे राजनीतिक बवाल के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने संबंधी उनके प्रस्ताव से पूरे पश्चिम बंगाल में विवाद उत्पन्न हो गया था, जिस पर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से प्रतिक्रियाएं आ रही थीं। विधायक कबीर को पार्टी से निलंबित करने की घोषणा वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती की छह दिसम्बर को नोएडा में होने वाली रैली रद्द

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए शनिवार (6 दिसंबर) को नोएडा में होने वाली अपनी विशाल जनसभा को अचानक रद्द कर दिया। यह रैली बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल (नोएडा) पर होनी थी, जिसमें पश्चिमी यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड से लाखों कार्यकर्ता पहुंचने वाले थे। पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही पोस्ट कर प्रस्तावित रैली रद्द करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने रैली रद्द करने की वजह आमजन को होने वाली दिक्कतों को बताया। उन्होंने अपने लंबे पोस्ट में कहा कि मेरे जाने पर वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जो भारी-भरकम सरकारी इंतजाम होते हैं, उससे आम लोगों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खासी दिक्कत होती है, घंटों इंतजार करना पड़ता है, धक्का-मुक्की भी होती है। मेरी वजह मेरे अपने लोगों को तकलीफ हो, यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए इस बार मैं खुद नहीं आऊंगी।

### योगी ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परिजनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने एक्स पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में कहा है कि देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर, अपने अदम्य साहस, शौर्य और निष्ठा से राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परि. जनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई दी।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुद्दा गूंजा

**नई दिल्ली, वार्ता**



**लोकसभा में शिव सेना के संभाजीराव ने उठाया**

लोकसभा में गुरुवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मामले में उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले से देश के करीब 25 लाख शिक्षकों के भविष्य अधर में लटकने का मामला उठाया गया।

शिव सेना के धैर्यशील संभाजीराव माने ने शून्यकाल के दौरान कहा कि देश भर के शिक्षकों के प्रश्न को आज बहुत ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। कोर्ट के निर्णय पर देश के 25 लाख शिक्षकों का भविष्य निर्भर है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) लागू होने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को लागू किया गया जिसमें पहले भर्ती किए गए शिक्षक इस परीक्षा से बाहर थे, लेकिन अब देश भर के सभी शिक्षक जो 53 साल से नीचे के हैं, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है। अगर कोई पात्रता परीक्षा पास नहीं करेगा, तो उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। केंद्र सरकार से आग्रह है कि यह सभी शिक्षक अपनी स्थानिक परीक्षा पास करके भर्ती हुए हैं, तो केंद्र सरकार उनकी तरफ से पार्टी बनकर सुप्रीम कोर्ट में जाए, ताकि शिक्षकों के साथ कोई अन्याय नहीं हो।

### रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। खड़गे ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपये का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में उठाया रुपये में गिरावट का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद विवेक के तन्खा ने राज्यसभा में रुपये में ऐतिहासिक गिरावट का मुद्दा उठाते हुए गुरुवार को कहा कि यह आम लोगों, कंपनियों और निर्यातकों तथा आयातकों को एक समान प्रभावित कर रहा है। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि पिछले पांच साल में रुपया 20-27 प्रतिशत टूट चुका है। इसका मतलब यह हुआ कि अब लोगों की खरीदने की क्षमता 25 प्रतिशत कम हो चुकी है। इसी साल रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट रही है, जो साल 2022 के बाद सबसे अधिक है और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है।

# यूपी में 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन मिलने का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नहीं करना होगा आवेदन, लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: होगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वत: करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके अलावा जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस: अजय राय

**लखनऊ, वार्ता**



**अच्छा प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा विस टिकट**

कांग्रेस ने यूपी में पंचायत चुनाव 2026 अकेले लड़ने का फैसला किया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है इस फैसले से समाजवादी पार्टी के साथ उसकी दोस्ती नहीं टूटेगी। सूत्र ने महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां महायुति के तीनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, वह यहां भी हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आगामी पंचायत चुनाव इसलिए अकेले लड़ने जा रही है, क्योंकि वर्ष 2027 के चुनाव में उसे अपनी जमीन अभी से तैयार करनी है। पार्टी का मानना है कि वह जब वर्ष 2026 का पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी, तभी उसके जनाधार के साथ-साथ संगठन की मजबूती पर भी काम होगा। कांग्रेस की को. शिश है कि 75 जिला पंचायतों समेत सभी नगर पंचायतों में अकेले चुनाव लड़कर वह विधानसभा की भी तैयारी करे। जो प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, पार्टी उन्हें वर्ष 2027 के चुनाव में टिकट दे सकती है। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी और इसी पंचायत चुनाव परिणाम के आधार पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट प्रदान किया जाएगा। सपा के साथ गठबंधन वाले सवाल पर अजय राय ने स्पष्ट किया किया कि यह राष्ट्रीय नेतृत्व का काम है। हम प्रदेश के 403 विधानसभा सीट पर संगठन सृजन का कार्य कर रहे हैं।

## पंच प्रण पर ध्यान देना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य: योगी

# आत्मनिर्भर व विकसित होगा 47 का भारत

**गोरखपुर, वार्ता**



**हमें ऐसा भारत चाहिए, जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आत्मनिर्भर व विकसित भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताते हुए कहा कि भारत विक. सित तब हो सकता है, जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवा. सियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सीएम योगी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं।

**पहला प्रण:** हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु गो. विंद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। **दूसरा प्रण:** सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। **तीसरा प्रण:** सैन्य बलों का सम्मान सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। **चौथे प्रण** की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि सामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए। **पांचवें प्रण** के रूप में नागरिकों कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि दूसरों के ऊपर कानून लागू होगा और हमारे ऊपर नहीं होगा। यही प्रवृत्ति ही सारी समस्याओं की जड़ है

### संस्कृति समाप्त होने पर पहचान को खो देता है राष्ट्र

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवा. जी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। योगी ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।



**सेंसेक्स** 85265.32
**निफ्टी** 26033.75



**सोना रु.** 129867
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 179919
प्रति किलो



# लिवाली से सूचकांकों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



डॉलर के मुकाबले रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भी बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में तेजी से प्रमुख सूचकांक चार दिन बाद बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक (0.19 प्रतिशत) चढ़कर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 47.75 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त में 26,033.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में गिरावट जारी रही। निफ्टी मिडकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.24 प्रतिशत लुढ़क गया। रुपया आज सुबह के कारोबार में 90.43 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक टूट गया, जिससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि बाद में सार्वजनिक तथा निजी बैंकों के माध्यम से रिजर्व बैंक के डॉलर बेचने से रुपये ने वापसी की। आईटी में सबसे अधिक तेजी रही। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे। मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,212 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ जिनमें 1,740 में गिरावट और 1,380 में तेजी रही, जबकि 92 कंपनियों के शेयर गत दिवस के स्तर पर ही बंद रहे। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। टीसीएस का शेयर 1. 54 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा में 1. 28 प्रतिशत और इंफोसिस में 1.24 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल, भारती एयरटेल, सनफार्मा, बीईएल, ट्रेंट, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी का शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.33 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.68 प्रतिशत की तेजी में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 फीसदी टूट गया।


# सोना का भाव नीचे गिरा चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 800 रुपये से ज्यादा गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत 3,000 रुपये से ज्यादा गिर गई।

सोना आज 1,30,799 रुपये पर खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें गिरावट आई और 12.26 बजे यह 595 रुपये यानी 0.46 फीसदी गिरावट के साथ 1,29,867 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। चांदी भी आज 1,82,621 पर खुली, लेकिन दोपहर बाद 12.26 बजे यह 2,433 रुपये यानी 1. 33 फीसदी की गिरावट के साथ 1,79,919 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। हालांकि चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किला. ग्राम रह गई।

# चावल-गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,860.39 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,848.55 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल 30 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 47 रिंगिट फिसलकर 4,106 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 प्रतिशत चढ़कर 51.69 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सूरजमुखी तेल 18 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति 15 रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सरसों तेल की कीमत भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.23 रुपये, मसूर काली 8167. 57 रुपये, मूंग दाल 10101.75 रुपये, उड़द दाल 10385.59 रुपये, तुअर दाल 10584.88 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.55 रुपये और चावल 3860.39 रुपये प्रति क्विंटल।

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरा. जगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी- भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बीएलओ के...** अधीन हैं। अगर उन्हें कोई समस्या आ रही है, तो राज्य सरकार उनकी कठिनाई को दूर कर सकती है, जिसके लिए 3 निर्देश जारी किए गए, निर्देशों के अनुसार राज्य अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करे ताकि काम के घंटे कम किए जा सकें। जहां किसी व्यक्ति के पास ड्यूटी से छूट मांगने के लिए कोई खास कारण हो, राज्य सरकार ऐसी अपील पर विचार करेगी और उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगी। अगर कर्मचारियों के किसी दिक्कत का समाधान नहीं हो पाता है, तो पीड़ित व्यक्ति कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में वोटर्स लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। राज्यों सरकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सलाह दी थी कि वह केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की चल रही तैयारियों को देखते हुए एसआईआर फार्म जमा करने की समय सीमा को और बढ़ा दे। बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों के पास भरे हुए फार्म अपलोड करने के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि इसे और आगे बढ़ाया जाए, ताकि जो लोग इससे वंचित रह गए हैं, उन्हें भी मौका मिल सके। चुनाव आयोग ने 30 नवम्बर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। पहले 4 दिसम्बर की समय सीमा थी। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसम्बर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

# लखनऊ विवि की बड़ी खोज: पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्जाइमर से सोचने व समझने की शक्ति घटती है**

**लखनऊ।** धार्मिक/सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरोन्टोलॉजी और न्यूरो बायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।

अल्जाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने- समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है और जो दवाएं मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं। गुरुवार को शोध का नेतृत्व कर रहे डा. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है, जो अल्जाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से सीओएमटी, एचएसपी 90एए1 और जीएपीडीएच नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क को. शिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है। डा. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 18 लाख की धोखाधड़ी में प्रदीप शर्मा सहित तीन अरेस्ट

## नैनीताल निवासी शिशुपाल के साथ ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना पुलिस ने 18 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में हरिद्वार के प्रदीप शर्मा सहित तीन ठगों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नैनीताल जनपद की रामनगर तहसील के अंतर्गत गंगापुर पहाड़ी निवासी शिशुपाल सिंह रावत पुत्र बचे सिंह रावत ने 29 नवंबर को थाना नगीना में तहरीर दी थी कि रोहित शर्मा, राकेश कुमार, सुनील कुमार व संदीप सिंघल के द्वारा जमीन क्रय करने के नाम पर धोखाधड़ी कर उसके साथ 18.20 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर नगीना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 174/25 धारा 318 (4) बीएनएच में पंजीकृत किया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में याकूब पुत्र दीनू निवासी ग्राम पाडली गुर्जर, थाना गंग नहर, जनपद हरिद्वार, इमरान पुत्र शरीफ निवासी ग्राम भौरी, थाना बहादराबाद, जनपद हरिद्वार एवं प्रदीप शर्मा पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी मौहल्ला गांधी नगर, थाना गंग नहर, जनपद हरिद्वार का नाम प्रकाश में आया। जांच में पता चला कि अभियुक्त इमरान ने फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उपरोक्त तीनों ने शिशुपाल सिंह रावत के साथ 18.20 लाख रुपए की ठगी की है।

पुलिस ने अभियोग में धारा 111 (2) (ii), 238, 338, 336 (3), 340 (2), 319 (2), 61 (2) बीएनएस की वृद्धि की। नगीना पुलिस ने प्रदीप शर्मा, इमरान व याकूब को गिरफ्तार कर लिया है।

## अफजलगढ़ में कुलदीप अरेस्ट

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने थाना बढ़ापुर के ग्राम कुआंखेड़ा खदरी निवासी कुलदीप सिंह उर्फ पिंकू पुत्र बचन सिंह को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अफजलगढ़, बढ़ापुर व रेहड़ थाना क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। यहां पर गांव-गांव में कच्ची शराब बेची जा रही है। कच्ची शराब का कारोबार करने वालों का नेटवर्क काफी मजबूत है। पुलिस दिखाने के लिए छोटे विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही करती है। कच्ची शराब बनाने वालों को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है। इन्हें छापे से पूर्व ही सूचना मिल जाती है। इन्होंने अपने गुप्त ठिकाने बना रखे है।

# मंडावली क्षेत्र के 48 ग्राम आधार सेवाओं से वंचित

## ग्रामीणों की बढ़ती परेशानी पर जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** थाना मंडावली क्षेत्र में आधार कार्ड अपडेट और नामांकन सुविधा न होना अब एक अत्यंत गंभीर जनसमस्या का रूप ले चुका है। थाना मंडावली क्षेत्र से कुल 48 ग्राम जुड़े हुए हैं, परंतु इतने बड़े क्षेत्र में एक भी आधार केंद्र का न होना हजारों ग्रामीणों के लिए मुसीबत का पहाड़ बन गया है।

क्षेत्र के लोग मजबूरन 15-20 किलोमीटर दूर साहनपुर डाकघर में लाइन लगाने जाते हैं। जहां सुबह छह बजे से ही लगभग 200 लोगों की लाइन लग जाती है। कई गरीब मजदूर लाइन में पूरा दिन खड़े रहने के बाद भी नंबर न आने की वजह से खाली हाथ लौट जाते हैं। इससे उनकी एक दिन की मजदूरी भी बर्बाद हो जाती है, जो उनके परिवार की रोजी-रोटी पर सीधा असर डालती है। महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग तथा विद्यार्थियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आधार जैसी महत्वपूर्ण पहचान सेवा के लिए ग्रामीणों को धक्के खाने पड़ रहे हैं, जबकि सरकारी योजनाओं से लेकर बैंकिंग, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल तक हर जगह आधार अनिवार्य है।

मामले की जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष मंडावली, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी ने पुष्टि की कि मंडावली क्षेत्र में कुल 48 ग्राम आते हैं, जिनकी आबादी को देखते हुए आधार केंद्र न होना निश्चित रूप से एक बड़ी प्रशासनिक कमी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अपील की है कि मंडावली क्षेत्र में तत्काल एक स्थायी आधार सेवा केंद्र खोला जाए। जिससे 48 ग्रामों की जनता को राहत मिल सके। यही हमारी विनम्र अपेक्षा है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए। तो हजारों लोगों के कामकाज, सरकारी लाभ और पहचान संबंधी दस्तावेजों में बड़ी रुकावटें आती रहेंगी। यह मामला अब केवल समस्या नहीं बल्कि जनहित का अत्यंत संवेदनशील विषय बन चुका है, जिस पर जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## एक नजर

### निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल



**अफजलगढ़।** इस्लामनगर पंचायत के ग्राम भिक्कावाला स्थित पंप हाउस पर केन्द्रीय भंडार खंड द्वारा चार दीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग न कर घटिया सामग्री लगाई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री से निर्माण कार्य कराने की मांग की है। ग्राम भिक्कावाला स्थित पंप हाउस पर केन्द्रीय भंडार खंड द्वारा करीब 70 फिट लंबी तथा छह फिट उंची चार दीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। चार दीवारी के निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग न कर घटिया सामग्री लगाई जा रही है। ठेकेदार निर्माण में पुरानी व खराब ईंटों का इस्तेमाल कर रहा है। ठेकेदार पाप छिपाने के लिए दीवार पर हाथों हाथ ही प्लास्तर भी करा रहा है। ताकि उस पर अधिकारियों की नजर न पड़ सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि निचले स्तर के अधिकारी इससे अनभिज्ञ नहीं है। किन्तु ठेकेदार के साथ मिलकर सरकारी धन की बंदरबांट कर रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने विभाग के उच्चाधिकारियों से चार दीवारी के निर्माण में प्रयोग कीजा रही सामग्री की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस सम्बंध में क्षेत्रीय भंडार खंड के जेई अर्जुन सिंह ने जांच कर ठेकेदार के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

### ग्रामीणों ने किया बीएलओ का सहयोग



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मनोहरवाली में आज सुबह से ही एसआईआर फॉर्म भरने का अंतिम चरण शुरू होने से ग्रामवासी खुश दिखे। ग्राम में बीएलओ शबाना, पंचायत सहायक और अन्य ग्रामीण मिलकर पूरी लगन के साथ घर-घर जाकर लोगों के फॉर्म भरवा रहे थे। यह प्रक्रिया कई दिनों से चल रही थी, लेकिन आज चार दिसंबर को इस अभियान का अंतिम दिन रखा गया। जिसके चलते ग्रामीणों में भी जागरूकता और उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बीएलओ शबाना ने ग्राम के हर घर तक पहुंचकर फॉर्म की प्रक्रिया को आसान बनाया। कई ऐसे लोग जिनके दस्तावेज अधूरे थे। उन्हें पूरा करने में पंचायत सहायक व ग्राम के गणमान्य व्यक्तियों ने विशेष सहयोग किया।

### बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



**अफजलगढ़।** आज नगर के समाजसेवियों की एक टीम पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना हुई। टीम में शामिल समाजसेवियों ने बताया कि ठंड बढ़ने की आशंका को देखते हुए लगभग 200 लिहाफ बाढ़ प्रभावित परिवारों तक पहुंचाए जा रहे हैं। नेता इस्लामुद्दीन ने बताया कि यह राहत सामग्री सामाजिक सहयोग और आपसी एकता के तहत जुटाई गई है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पंजाब के लोगों की मदद करना हमारा मानवीय कर्तव्य है। राहत सामग्री भेजने में सहयोग करने वालों में शाहिदा इरशाद, नसीम मिर्जा, अखलाक अल्ताफ, नदीम हनीफ, समाजसेवी नसीम अहमद, हाफिज मुकीम, वसीम गुर्जर, आसिफ रजा, हिना इस्लामुद्दीन, तबारिक राइन, दिलशाद मसूरी, अजहर अमानी, शेख शहजाद सहित अन्य लोगों ने योगदान दिया। समाज सेवियों ने कहा कि आगे भी जरूरत पड़ने पर पंजाब बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता की जाएगी।

### ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी



**कासमपुरगढ़ी।** ऑनलाइन उपस्थित को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत सचिवों की ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर धरना प्रदर्शन आज चौथे दिन भी जारी रहा। पंचायती शासकियों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य कर रहे है। वहीं पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर डटे हुए हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी व ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन का प्रथम चरण चार दिसंबर तक रहेगा। जिसमें अपनी बाहों पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताते हुए शासकीय कार्य कर रहें है। पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर दूसरा चरण पांच दिसंबर से शुरू करेंगें। जिसमें धरना दिए जाने के साथ-साथ सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप से पंचायत सचिव लेफ्ट हो जाएंगे। दोनों ब्लॉक अध्यक्षों ने बताया कि मांग पूरी न हो पाने तक अथवा सक्षम अधिकारियों से संतोषजनक आश्वासन न मिल पाने तक आंदोलन जारी रहेगा। आज चौथे दिन धरना प्रदर्शन करने वालों में इरफान अली मंसूरी, मौहम्मद नाजिम मलिक, नरेश कुमार, सहदेव सारथी, आशीष चौहान, नवीन कुमार रवि, कुंती देवी, राजीव कुमार, वीर सिंह, कुलदीप कुमार, शलेन्द्र सिंह आदि पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# युवती की इज्जत का लुटेरा सतवीर उर्फ बबलू अरेस्ट

## जनपद में बढ़ रहे मामले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने युवती की इज्जत लूटने के मामले में सतवीर उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाने में वादी ने 29 नवम्बर को तहरीर दी थी कि ग्राम रायपुर खादर निवासी सतवीर उर्फ बबलू पुत्र हरचरण ने उसकी पुत्री की इज्जत लूट ली और उसके परिजनों के साथ मारपीट की। चांदपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 681/2025 धारा 79,115 (2) व 64 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी सतवीर को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि जनपद में बलात्कार के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए है। कई मामलों में देखा गया है कि सहमति से संबंध बनने के बावजूद जब इनका खुलासा होता है, तो बलात्कार का आरोप लगा कर पुलिस में तहरीर दी जाती है। जिसके बाद युवकों को जेल जाना पड़ता है। जब तक संबंधों का खुलासा नहीं होता है, तब तक सब कुछ सही चलता रहता है। लेकिन जब संबंधों का खुलासा हो जाता है, तो विवाद खड़े हो जाते है। जनपद के ज्यादातर थानों में आयेदिन इस तरह के मामले सामने आते रहते है।

# अफजलगढ़ के सपाइयों में भरा जोश

## एसआईआर अभियान की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एसआईआर अभियान के जिला प्रभारी डॉ. रमेश तोमर, सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं विधानसभा चुनाव में रिकार्ड वोट हासिल करने वाले कपिल कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा चाहे कितने भी हथकंडे अपना ले, लेकिन सरकार तो सपा की ही बनेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार तीनों वरिष्ठ नेता आज यहां पहुंचे। उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। मौहल्ला बेगम सराय में कप्तान शाहिद हुसैन के आवास पर डॉ. रमेश तोमर, शेख जाकिर हुसैन व कपिल कुमार का फूलमालाओं के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि एसआईआर के लिए चुनाव आयोग को कम से कम तीन महीने का समय देना चाहिए था, ताकि पारदर्शिता के साथ एसआईआर हो सके। उन्होंने कहा कि यह सब वोट काटने की चाल है। सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे कितने भी हथकंडे अपना ले और विपक्ष को दबाने के लिए एजेंसियों का कितना भी इस्तेमाल कर ले, सरकार तो सपा की ही बनेगी। आम जनता इस सरकार में दुखी है। भाजपा सरकार की नीतियों से महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। लोगों के पास रोजगार नहीं है। महंगाई आसमान छू रही है। सब्जियों व अन्य खाद्य सामग्रियों के दाम बहुत ज्यादा हो गए हैं। जिस कारण आम आदमी का घर चलाना बहुत मुश्किल हो गया है।

इस मौके पर कप्तान शाहिद हुसैन ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बनेंगे। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अफजलगढ़ पूर्व से ही सपा का गढ़ रहा है।

इस दौरान जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव, अय्यूब अंसारी जिला उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू, हाजी इजहार, नौशाद एड., मौहम्मद वासिल, फहद शाहिद, हाफिज इब्राहिम, हुसैन अहमद, मौहम्मद इरफान, डॉ. जुल्फिकार आदि मौजूद थे।

# कन्या इंटर कॉलेज में राजनीतिक हलचल बढ़ने के संकेत

## मनु गौड़ ने सहायक रजिस्ट्रार से मांगी नवीन सदस्यों की सूची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रतिष्ठित कन्या इंटर कॉलेज में इन दिनों आंतरिक राजनीति जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। कॉलेज की साधारण सभा के सदस्य मनु गौड़ द्वारा सहायक रजिस्ट्रार, सोसाइटीज एंड चिट्स मुरादाबाद से साधारण सदस्यों की नवीन सूची उपलब्ध कराए जाने की मांग के बाद पूरे शिक्षा प्रबंधन तंत्र में हलचल बढ़ गई है। माना जा रहा है कि इस कदम के चलते आने वाले दिनों में कॉलेज की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनु गौड़ ने 30 नवंबर को मुरादाबाद स्थित सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स को पत्र भेजकर यह स्पष्ट किया कि वे कॉलेज की साधारण सभा के सदस्य हैं, इसलिए वर्ष 2025-26 की साधारण सभा के सभी साधारण सदस्यों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सदस्य होने के नाते सभी वर्तमान सदस्यों की जानकारी होना उनका अधिकार है।

सूत्रों का कहना है कि साधारण सदस्यों की सूची की मांग ने कॉलेज प्रशासन और प्रबंधन से जुड़े लोगों में बेचैनी बढ़ा दी है। कॉलेज की आंतरिक राजनीति में कई दिनों से चल रही खींचतान के बीच इस पत्र ने नया मोड़ ला दिया है। जानकारों के मुताबिक, यदि सूची जारी होती है तो कई पुराने समीकरण बदल सकते हैं और प्रबंध तंत्र में बड़े फेरबदल की संभावना भी बढ़ सकती है।

उधर, मनु गौड़ ने सदस्यों की सूची मांगने की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने और सभी सदस्यों की स्थिति स्पष्ट करने के उद्देश्य से सूची मांगी है। उन्होंने कहा कि सूची मिलने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल सहायक रजिस्ट्रार से संपर्क के बाद आने वाले दिनों में क्या राजनीतिक असर दिखाई देगा, इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

कन्या इंटर कॉलेज की आंतरिक राजनीति में इस घटनाक्रम को एक बड़े बदलाव के संकेतों के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले दिनों में यह मामला किस दिशा में जाता है, यह कॉलेज और नगर के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा।

# बसपा की रैली के लिए मंथन

## पदाधिकारियों को सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर छह दिसम्बर को नोएडा में आयोजित होने जा रही रैली की सफलता के लिए बसपा के पदाधिकारियों व प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बाद बसपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अखलेश कुमार हितेषी की अध्यक्षता एवं अकील अंसारी जिला उपाध्यक्ष के संचालन में बैठक आयोजित हुई। पूर्व सांसद गिरीश चंद, मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी, मुख्य मंडल प्रभारी राजेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी नंदराम प्रजापति व अजय कुमार इसमें उपस्थित रहे। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस छह दिसंबर को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल नोएडा में आयोजित होने जा रही महारैली को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई । विधानसभा वार वाहनों की सूची तैयार की गई तथा अधिक से अधिक संख्या में महारैली में भाग लेने के लिए लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अल्वी ने कहा कि इस महारैली में भीड़ के पुराने सभी रिकार्ड टूटने चाहिए। मुख्य मंडल प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि सबसे ज्यादा भीड़ जनपद बिजनौर से जाएगी। जनपद बिजनौर बसपा का गढ़ है।

इस मौके पर संजीव कुमार सैनी को जिला महासचिव घोषित किया गया। मौहम्मद राशिद अहमद को विधानसभा प्रभारी धामपुर तथा खूब सिंह को विधानसभा अध्यक्ष धामपुर घोषित किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहना कर उनका स्वागत किया गया।

बैठक में मुंशी सद्दीक, ब्रह्मपाल सिंह, संजीव कुमार सैनी, अमर सिंह प्रधान, नसीमुद्दीन अंसारी, संजय कुमार, सुरेश कुमार रवि, मास्टर नरेश कुमार, प्रमोद कुमार, वीर सिंह, बलवंत सिंह, तिलकराज बौद्ध, समर सिंह एड. पूर्व जिला अध्यक्ष, बन्ने अली, सुरेंद्र कुमार, अमिताभ, रामकिशन सिंह, मौहम्मद अशरफ, मौहम्मद अकरम मंसूरी, संजय राम, अमर सिंह, नरेंद्र कुमार शर्मा, शमीम अहमद, ओमपाल सिंह, गौतम कुमार, रईस अहमद, रूपराम, शौकत अहमद, अमर सिंह, इंदर सिंह, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ. राकेश कुमार, मौहम्मद राशिद, वीरेंद्र पाल सिंह पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र नगीना आदि उपस्थित रहे।

# देहरादून ने गढ़वाल रायफल को हराया

## याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट नगीना के सातवें दिन देहरादून ने गढ़वाल रायफल को 2-1 के स्कोर से परा. जित किया।

गुरुवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्तिथ मैदान पर याद-ए-खलील नाम से आयोजित ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवें दिन देहरादून व गढ़वाल रायफल की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इस कड़े मुकाबले में देहरादून ने गढ़वाल रायफल की टीम को 2-1 से पराजित किया। मैच में रैफरी गौहर निसार, लाइन मैन निसार मुल्तानी व कमेंट्रेटर इरफान अंसारी एवं आजम मुल्तानी रहे।

इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब नगीना के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, पूर्व सभासद गफ्फार, नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद, चाँद भाई, काका अंसारी, जहांगीर खलीफा, शाकिर उस्मानी, अब्दुल्ला, शिब्ली निसार, ताहिर मुल्तानी, आदि लोग मौजूद रहे।

# पाशा के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन

## दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान लागू करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में विकलांगों ने काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान लागू करने की मांग की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नुमाइश ग्राउंड से दिव्यांगजन जुलूस प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डीएम कार्यालय का घेराव किया। ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौपा। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि दिव्यांगों की संख्या प्रदेश में दो करोड़ तथा पूरे भारत वर्ष में 11 करोड़ है। लेकिन दिव्यांगों के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसलिए विश्व विकलांगता दिवस को काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। सरकार से दिव्यांगों की समस्याओं की ओर ध्यान देने का अनुरोध किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांग आयोग का गठन किया जाए। उसका अध्यक्ष दिव्यांग हो, देश व प्रदेश के मुख्यालयों के साथ प्रत्येक जनपद मुख्यालयों पर दिव्यांग भवन बनाए जाए एवं उनका संचालन दिव्यांगों द्वारा सुनिश्चित किया जाए। उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में डूडा विभाग जो तीसरी मंजिल पर है उसको नीचे शिफ्ट किया जाए। जिसका लाभ दिव्यांगजनों को मिल सके। तीसरी मंजिल पर होने के कारण दिव्यांगजन डूडा विभाग नहीं जा पाते तथा विभाग में प्रचलित योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। दिव्यांगों का आरक्षण चार प्रतिशत से दस प्रतिशत किया जाए। दिव्यांगों का यूडी आईडी कार्ड देश की समस्त परिवहन निगमों जैसे बसें, ट्रेनों, जलयानों एवं वायुयानों में छूट सहित समस्त भारत में मान्य कराने की अनिवार्य व्यवस्था कराई जाए। सभी सरकारी कार्यालयों में दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प बनाया जाए व दिव्यांगों का उत्पीड़न बन्द किया जाए। सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प नहीं है। रेलगाड़ी के 2एसी-3एसी में दिव्यांगों को 90 प्रतिशत छूट दी जाए। पीसीओ की तर्ज पर दिव्यांगजनों को साइबर कैफे दिए जाएं। दिव्यांगों की पेंशन एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार की जायें। सभी दिव्यांगजनों के सरकारी आवास बनाए जाए। दिव्यांग कन्याओं एवं युवाओं की शादी अनुदान राशि कम से कम दो लाख की धनराशि लाभार्थी के खाते में डाली जाए। दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को सभी प्रावधानों को अति शीघ्र से लागू किया जाए। दिव्यांगजनों को राजनीति में आरक्षण दिया जाए। लोकसभा विधानसभा पंचायत निकाय चुनाव में दिव्यांगजनों को आरक्षण दिया जाए ताकि वह विधानसभा लोकसभा में अपने समाज की आवाज उठा सके।

इस मौके पर आजम अंसारी, गुरबचन सिंह, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकुल कुमार, सुशील कुमार, विदेश कुमार, गजेंद्र सिंह, मौहम्मद शाकिर, अमित कुमार, ऋषिपाल सिंह, तुलसी सिंह, शमशेर आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स' की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मंडावर में गाड़ी हटाने को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** गाड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई और मामला थाने पहुंच गया। पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मंगल बाजार में समीर और फरमान के बीच गाड़ी को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में हाथापाई हो गई और नौबत थाने की आ गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के समीर और फरमान का चालान कर दिया। बताते हैं कि बीती रात करीब आठ बजे समीर गाड़ी लेकर अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में फरमान, भूरे और सलमान ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मौहल्ला मंगल बाजार निवासी समर जहां पत्नी महमूद खान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके सामने रहने वाला फरमान मुर्गे वाला अक्सर गन्दगी करता रहता है और उसे परेशान करता रहता है। उससे रंजिश रखता है। आरोप है कि वो दुकान के आगे कुर्सी डालकर बैठता है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है। आरोप है कि रात करीब आठ बजे लगभग फरमान व उसका बाप अब्दुल वहीद उर्फ भूरा और सलमान पुत्र वाजिद निवासी मौहल्ला बंजारान आदि कुर्सी डाल कर बैठे थे। इस बीच मेरा लड़का वहां से गाड़ी लेकर आया, तो फरमान व भूरे ने गाड़ी निकालने को लेकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट भी की। इस दौरान फरमान व सलमान अपने आपको पत्रकार बताते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जब मैनें इस बात का विरोध किया, तो वह मेरे घर में घुस आये और मेरे साथ भी मारपीट शुरु कर दी। मंडावर कस्बा इंचार्ज रामअवतार ने बताया है कि समीर व फरमान का शांति भंग में चालान कर दिया है। कस्बे में गुंडों ने माहौल खराब कर रखा है। कस्बे की सड़कों पर काफी ज्यादा अतिक्रमण है। भाजपा सरकार में भी यहां पर एक पक्ष की गुंडागर्दी चरम पर है। वह पुलिस से नहीं डरते है। अतिक्रमण इतना ज्यादा है कि एक साथ दो गाड़ियां नहीं निकल पाती है। कुछ कहने पर गालियों से जवाब मिलता है। थोड़ी-थोड़ी बात पर डंडे लेकर सड़कों पर आ जाते है।


पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

## प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन



**हल्दौर।** धारीवाल रेस्टोरेंट में प्रबुद्धजन सम्मेलन में गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक पति एडवोकेट ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने भाजपा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते जनता के विचारों में सकारात्मक बदलाव आया है और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है और सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें मेडिकल कॉलेज और इंटर कॉलेज जैसी बड़ी सौगातें शामिल हैं। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए एक व्यक्ति-एक मत की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक रवि धारीवाल ने सम्मेलन में पधारे सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में चौधरी विजेंद्र सिंह, कालू चेयरमैन, अशोक कुमार, रूपल धारीवाल, विकास धारीवाल, विनोद यादव, मीनू राजपूत, नवनीत राणा, मोहित अग्रवाल, राकेश सैनी, नागेंद्र राजपूत, मस्तराम चेयरमैन, मनोज चेयरमैन, रविंद्र चेयरमैन, बबलू चेयरमैन, मनोज चौधरी, कर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय आज धामपुर में

**धामपुर।** मौहल्ला बड़वान में दिवंगत बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री शोभा रानी के परिवार से मिलने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धामपुर आएंगे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष नदीम नजाकत खान ने बताया कि अजय राय कल (आज) दोपहर लगभग दो बजे शोभा रानी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करेंगे और परिजनों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों मोहल्ला बड़वान निवासी 56 वर्षीय श्रीमती शोभा रानी की ड्यूटी के दौरान अचानक हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद से क्षेत्र में बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यभार और सुरक्षा को लेकर गंभीर चर्चा बनी हुई है। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा शोक प्रकट करने का यह कदम मामले पर राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर ध्यान बढ़ाने के रूप में देखा जा रहा है।

### शिवसेना जिला प्रमुख हाउस अरेस्ट




**चांदपुर।** शिवसेना जिला प्रमुख ग्राम बागड़पुर निवासी चौधरी वीर सिंह को उनके द्वारा विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के साथ पांच दिसम्बर को धरना प्रदर्शन व पंचायत करने के आह्वान पर पुलिस ने उन्हें आज उनके निवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। चौधरी वीर सिंह के अनुसार झलरी गांव की कनक को लापता हुए 20 दिन हो चुके हैं, जिसका पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं निकाल पाई और न ही जिले के अंदर किसी संगठन को धरना प्रदर्शन करने दे रहें। क्या अपनी बेटी की बरामदगी के लिए मांग उठाना भी गलत है। उन्होंने पुलिस को नाबालिग छात्रा कनक को बरामदगी के लिए 4 दिसमबर तक का समय दिया गया था और 5 तारीख को कलक्ट्रेट में सभी हिंदू संगठनों से महापंचायत किये जाने का आह्वान किया गया था, लेकिन आज तीसरी बार मेरे घर पर ही मुझे नजरबंद कर दिया गया। चौधरी वीर सिंह ने कहा कि मेरे साथ प्रशासन ऐसा व्यवहार क्यूं कर रहा है क्या मैं कोई आतंकवादी हूं और मुझसे जिले कि जनता को खतरा है। उन्होने कहा कि प्रशासन मेरी आवाज दबाने कि कोशिश कर रहा है।

### नहर की साइडें पक्की करने का कार्य



**नगीना।** विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम भूरापुर एवं हुरनंगला में नहर की सफाई का कार्य एवं ग्राम हुरनंगला से भूरापुर तक की नहर की दोनों साइडें पक्की कराने का भी कार्य चल रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस कार्य को लेकर नगीना विधानसभा से विधायक मनोज पारस का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। ज्ञात हो कि ग्राम भूरापुर हुरनंगला क्षेत्र में चल रहे इस कार्य को लेकर ग्राम भूरापुर के क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व में विधायक नगीना से इस कार्य को कराने की मांग की गई थी।

### हाथी की चहल कदमी से हड़कंप



**कालागढ़।** कॉलोनी में हाथी की चहल कदमी से कॉलोनी में हड़कम्प मच गया। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे नन्दकिशोर रुवाली वन क्षेत्र अधिकारी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर हाथी को कॉलोनी से जंगल की ओर भगाया। यह पहला मामला नहीं है कि जंगल से नई कालोनी में हाथी, टाइगर, गुलदार कोर्बेट टाइगर रिजर्व से निकल कर कालोनी में प्रवेश करते रहते है। जिससे कालोनीवासियों को जानमाल का खतरा बना रहता है। उसके बावजूद भी वन विभाग के कर्मचारियों से लेकर अधिकारी इन वन्यजीवों को जंगलों में रोकने में नाकाम ही साबित हुए है। सैकड़ों बार यह मामला सामने आया है कि कालोनी में हाथी टाइगर दिखाई देने पर वन विभाग के कर्मचारियों को हाथी भगाने के लिए बुलाना पड़ता है। तब जाकर हाथी टाइगर भाग पाते है। हाथी की रोकथाम के लिए कई बार वन विभाग के आलाधिकारियों को अवगत कराया। उसके बावजूद वन विभाग आज तक वन्यजीवों को रोकने में असमर्थ रहा है।

# एसआईआर कार्य में सहयोग करें कार्यकर्ता : भूपेंद्र सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय जनता पार्टी किरतपुर ग्रामीण की बैठक ग्राम गोपालपुर में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति का सही वोट नहीं कटेगा। 2003 की वोटर लिस्ट ऑनलाइन उपलब्ध है। सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में बीएलओ का सहयोग करें तथा लोगों के फार्म भरवाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में एसआईआर के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने तथा संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में डा. बेगराज सिंह, दयानन्द शर्मा, सोनू सैनी, आकाश तुशियार, हेमन्त कुमार, धर्मेंद्र, चित्र पाल सिंह, विक्रांत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतर्विभागीय एवं अंतर्विषयक क्विज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में एक अंतर्विभागीय एवं अंतर्विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना एवं सभी शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण से किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आठ ग्रुपों में विभाजित किया गया। ग्रुप ए में अंश वर्मा एवं कुमारी अदीबा, ग्रुप बी में कुमारी सना एवं कुमारी नीतू, ग्रुप सी में कुमारी सफिया एवं कुमारी तूबा, ग्रुप डी में कुमारी नाजिया एवं कुमारी प्रीति, ग्रुप ई में कुमारी आसिया एवं कुमारी सफिया फातिमा, ग्रुप एफ में कुमारी हुदा रहमानी एवं कुमारी इरम, ग्रुप जी में मनीष एवं कुमारी आंचल तथा ग्रुप एच में कुमारी शिवानी तथा कुमारी सदिका को रखा गया। आरम्भ में दो क्वालीफाइंग राउंड हुए जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन कर आठ में से चार टीमों ग्रुप ए, ग्रुप सी, ग्रुप एफ तथा ग्रुप एच ने फाइनल राउंड में प्रवेश किया। फाइनल राउंड में अपने सटीक जवाबों से ग्रुप एफ के कुमारी हुदा रहमानी तथा कुमारी इरम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरा स्थान ग्रुप सी की कुमारी सफिया तथा कुमारी तुबा ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान ग्रुप एच के कुमारी शिवानी तथा कुमारी सदिका ने प्राप्त किया। ग्रुप ए के अंश वर्मा तथा कुमारी अदीबा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में दर्शकों से भी प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वालों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या प्रो. साधना एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने पुरस्कार प्रदान किये।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि महाविद्यालय में अकादमिक शिक्षा के अलावा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व को गढ़ने में अहम भूमिका निभाती हैं। क्विज प्रतियोगिताएं ज्ञान की सीमाओं का विस्तार करने का एक शक्तिशाली माध्यम हैं। इसलिए हर विद्यार्थी को अपने ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रो. महीपाल सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. (श्रीमती) अखिलेश, डॉ. कुलदीप, डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी, आस मौहम्मद, सुरेंद्र सिंह, मौहम्मद आरिफ, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. संतोष देवी, डॉ. उदिता राजपूत, कु. इलमा, श्रीमती पूजा राजपूत, डॉ. अमित पुण्डीर, रामं. बलास यादव, मौहम्मद सुलेमान, मौहम्मद सलीम, मौहम्मद फहीम आदि शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने किया।


विजेता खिलाडियों को दिए पुरस्कार

## एक नजर

### दो करोड़ से होगा पालिका का विकास

**नहटौर।** नहटौर नगर पालिका परिषद में विकास कार्य कराए जाने के लिए अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने शासन को पत्र लिखकर धनराशि की डिमांड की थी, जिसमें शासन ने 15 वित्त में दो करोड रुपए की धनराशि पालिका के खाते में भेज दी। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि शासन से नगर के 25 वार्डों में होने वाले विकास कार्यों के लिए 15 वित्त में दो करोड़ रुपए की धनराशि पालिका का खाते में आ चुकी है। मिली धनराशि से होने वाले कार्य के लिए कार्य योजना में 10 सीसी रोड, पांच मौहल्ले में पाइपलाइन, तीन फॉगिंग मशीन, विद्युत मोटर पंप आदि कार्य की कार्य योजना बना ली गई है। कार्य योजना पास करने के लिए जिला अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। अनुमति मिलते ही नगर में कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

### कच्चा मकान गिरने से नुकसान

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा चकराजमल में बीती रात एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। ग्राम निवासी अलीजान के कच्चे मकान का अधिकांश हिस्सा ढह गया, जिसमें घर में रखा बेड, सोफा, सन्दूक, अनाज और अन्य कीमती घरेलू सामान मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के समय परिवार के सदस्य बाहर होने के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई। सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और क्षति का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इस मामले में तहसीलदार धनराज सिंह ने बताया कि मौके की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### माहे से टकराकर बाइक सवार घायल

**नहटौर।** शादीपुर मार्ग पर गांव नवादा चौहान के पास सड़क पर अचानक आए माहे से बाईक टकराने पर बाईक सवार गंभीर रूप घायल हो गया। माहे की मौत हो गई। ग्राम जीवनपुरी निवासी कावेन्द्र सिंह (42 वर्ष) बाइक से नूरपुर से अपने घर जा रहा था। गुरूवार की सायं नहटौर-शादीपुर मार्ग पर गांव नवादा चौहान के पास अचानक सड़क पर आए माहे से बाइक टकरा गई, जिसमें कावेन्द्र सिंह गंभीर रूप घायल हो गया। जबकि माहे की मौत हो गई। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# बिजनौर में दो छात्राएं 19 दिन से लापता

## अब तक सुराग नहीं, महिला आयोग सदस्य बोलीं- सीएम दरबार तक ले जाएंगे मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र से दो छात्राओं के लापता हुए 19 दिन बीत चुके हैं, लेकिन उनका कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। 15 नवंबर से लापता इन छात्राओं की तलाश में पुलिस की 30 से अधिक टीमें और लगभग 100 पुलिसकर्मी व अधिकारी लगातार जुटे हुए हैं। अब राज्य महिला आयोग की सदस्य ने इस मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाने की बात कही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की 15 वर्षीय नौवीं कक्षा की छात्रा 15 नवंबर की सुबह शहर के एक इंटर कॉलेज पढ़ने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसी दिन दूसरे समुदाय की एक इंटर की छात्रा भी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी।

नौवीं कक्षा की छात्रा के परिजनों ने इंटर की छात्रा पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। कार्रवाई की मांग को लेकर नौवीं की छात्रा के परिवार और ग्रामीणों ने भाकियू व अन्य संगठनों के साथ मिलकर कोतवाली और कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन भी किया था।

पुलिस की 30 से अधिक टीमें बिजनौर जिले सहित मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में छानबीन कर रही हैं। पुलिस टीमें अब तक 50 से अधिक रेलवे स्टेशनों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के एसपी स्वयं पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं और दिशा-निर्देश दे रहे हैं। एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह भी इस मामले की कमान संभाले हुए हैं।

समय बीतने के साथ ही लापता छात्राओं के परिवारों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल जैन ने पुष्टि की है कि बिजनौर की दो लड़कियां 15 नवंबर से लापता हैं और उन्होंने इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से मुलाकात का समय मांगा है।

एक बच्ची के माता-पिता बेहद परेशान हैं, मैं उनसे कई बार मिल चुकी हूं। वह लगातार बिजनौर के पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर बच्ची के बारे में जानकारी कर रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि सीएम आवास पर उन्होंने टेलीफोन कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें समय मिलने की उम्मीद है और वह बच्ची के माता-पिता के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनके समक्ष यह मामला रखने की बात कही। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द बच्चियों के घर आने की भगवान से कामना भी की।



## दिव्यांग आश्रम में विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुस्सेपुर मंडावली स्थित दिव्यांग आश्रम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिलाधिकारी जसजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। यह कार्यक्रम दिव्यांग आश्रम आर्य सुगंध संस्थान द्वारा स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र और नजीबाबाद के उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। बच्चों ने अतिथियों का स्वागत अपने हाथों से बने गुलदस्ते भेंट कर किया। इसके बाद एक मनमोहक प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को उपहार स्वरूप आवश्यक वस्तुएं प्रदान कीं। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को विश्व दिव्यांग दिवस के महत्व, दिव्यांगजनों के अधिकारों, समाज में उनके प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इनमें सलिल आर्य, रजनी कालरा, सरिता सैनी, बिंदु सर्राफ, अरुण गोयल, मयंक चोपड़ा, शलभ गोयल, सुजाता कौशिक, विनीत अध्यक्ष, सुंदर गोयल आदि मौजूद रहे।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा देवर शहजाद व देवरानी सितारा बानो निहायत ही झगडालू किस्म के है। दोनों मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच व बदतमीजी करते रहते है। झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उपरोक्त शहजाद व सितारा बानो की हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गये। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने उपरोक्त शहजाद व सितारा से अपने सभी रिश्ते व संबंध समाप्त कर लिए है। अतः मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है।

**-शाईस्ता परवनी पत्नी अकील अहमद निवासी मौहल्ला काजियान, हरिजन बस्ती, कस्बा जलालाबाद, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा देवर शहजाद व देवरानी सितारा बानो निहायत ही झगडालू किस्म के है। दोनों मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच व बदतमीजी करते रहते है। झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उपरोक्त शहजाद व सितारा बानो की हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गये। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने उपरोक्त शहजाद व सितारा से अपने सभी रिश्ते व संबंध समाप्त कर लिए है। अतः मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है।

**-अजका आरा पत्नी नौशाद अली निवासी मौहल्ला काजियान, हरिजन बस्ती, कस्बा जलालाबाद, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।**


# कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन कर विभागीय शिकायतों को संबंधित अधिकारी को अग्रसारित कर उन्हें सूचित भी करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें, तदुपरांत दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस, सीएम डैश बोर्ड एवं कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उसे अविलंब सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर करा दिया जाय ताकि परियोजनाओं को उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं अपूर्ण हैं, उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाएं और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को टीम बनाकर सत्यापित करने के उपरान्त ही हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन विकास के प्रति गंभीर और संवेदनशील है तथा विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है और प्रदेश को विकसित प्रदेश की श्रेणी में लाने के लिए कटिबद्ध है। जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यो सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, जल निगम विभाग की पाईप पेयजल योजना की प्रगति सहित सिंचाई प्रगति की समीक्षा एवं अन्य विभागों की कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एंव कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री शकीलुर्रहमान पुत्र श्री अजीजुल्ला मौहल्ला मुगलूशाह** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती शहनाज बेगम पत्नी श्री लईकुर्रहमान** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 240/1 मुगलूशाह नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 18-11-25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-474 स्थित मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अलताफ के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थी श्री इकबाल अहमद पुत्र श्री अबुबकर सिद्दीकी मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी बिजनौर ने हिदयनामा, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा संस्था आदर्श श्री रामलीला समिति, ग्राम इनायतपुर पो. मनव्वरपुर सैद तह. नगीना, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. राजेन्द्र सिंह- अध्यक्ष, 2. कोमल कुमार- उपाध्यक्ष, 3. राम कुमार- प्रबंधक, 4. जबर सिंह- उपप्रबंधक, 5. योगेश कुमार- कोषाध्यक्ष, 6. बाबू राम- उपकोषाध्यक्ष, 7. भूरे सिंह- संरक्षक, 8. परमजीत सिंह- उपसंरक्षक, 9. मुकेश कुमार- आडिटर, 10. धर्मवीर सिंह, 11. हरिओम सिंह, 12. राम सिंह, 13. संजय कुमार, 14. सुरेन्द्र सिंह, 15. राम औतार, 16. राजेश कुमार, 17. नरेन्द्र कुमार, 18. हरिराज सिंह, 19. राकेश कुमार, 20. जयप्रकाश सिंह, 21. ओम सिंह- सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

## एक नजर

### बूथ का स्थान परिवर्तन की मांग



**चांदपुर।** सभासद अनवरुल हक उर्फ शारिक हाशमी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी/ उपजिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि मौहल्ला कटकुई भाग संख्या 173 व 174 का बूथ लंबे समय से एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर में बना हुआ है जो कि मौहल्ला कटकुई से काफी दूरी पर स्थित है। जहां पहुंचने के लिए वृद्ध महिलाओं व पुरुषों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उक्त विषय को जनहित में गंभीरता से लेने का अनुरोध करते हुए उक्त बूथ संख्या का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है, ताकि समय रहते इस कार्य को पूर्ण कराने में अनावश्यक रूप से कोई विलम्ब न हो।

### सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन अपनी टीम के साथ सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में खनन सामग्री अवैध तरीके से स्थानांतरित होने को लेकर कहा कि भागूवाला चौक पोस्ट से प्रत्येक दिन सैकड़ों ओवरलोड डम्पर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते हैं। इन पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। तहसील क्षेत्र में परमिशन के आधार पर मिट्टी का खनन दिन में किया जाना चाहिए। इसके साथ नगर के विभिन्न होटलों में चोरी छिपे पिलाई जा रही शराब बंद कराई जाये। इन सब मुद्दों पर तत्काल कार्यवाही की जाए अन्यथा आने वाली 9 दिसंबर से भारतीय किसान यूनियन महात्मा आंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन देने में युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार, जितेंद्र हुड्डा, कुलदीप मोर, कपिल कुमार, कृष्ण कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

### जन जागरूकता रैली निकाली

**चांदपुर।** विधान सभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर फार्म को और गति प्रदान करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ के छात्र जन जागरूकता नारे लगाते हुए गतिमान एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे। रैली में मौहम्मद राशिद, विनय कुमार, संगीता कौशिक, लक्ष्मी भाटिया व सारिता आदि सहित सभी स्कूली स्टॉफ व छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंगों से प्रतिभाग किया। रैली के उपरान्त बिस्किट्स आदि का भी वितरण कराया गया।

### स्कूल में बंद कुत्ता ग्रामीणों ने निकाला



**नहटौर।** ग्राम जलालपुर आसरा स्थित सरकारी स्कूल से रात के समय लगातार कुत्ते के रोने की आवाजें आ रही थीं। आवाजें सुनकर कुछ ग्रामीण स्कूल पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक कक्षा का दरवाजा बंद है और कुत्ता अंदर फंसा हुआ है। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर कुत्ते को बाहर निकाला। कुत्ता कई घंटों तक स्कूल के कक्ष में बंद रहा और बाहर निकलने की कोशिश करता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जाएंगी। स्कूल इंचार्ज शिक्षक ब्रजपाल सिंह का कहना है कि कुत्ता जर्जर कक्ष में टूटी हुई खिड़की के रास्ते से अंदर पहुंच गया था। इस कक्ष में जर्जर होने के कारण शिक्षण कार्य नहीं होता है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### विधायक खेल स्पर्धा 8 व 9 दिसम्बर को

**धामपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश एवं महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल लखनऊ द्वारा जारी आदेश तथा सात नवम्बर को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार धामपुर विधानसभा की खेल प्रतियोगिता आठ और नौ दिसंबर 2025 को आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र से जुड़े खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल www-yuvasathi-in पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में आयोजित होगी, जिसमें बालक और बालिकाएं दोनों ही प्रतिभाग कर सकेंगे। एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और भारोत्तोलन जैसे खेलों में प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देना और युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना है। विधानसभा स्तर पर विजयी खिलाड़ियों को आगे सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच प्राप्त होगा। विभाग ने खिलाड़ियों से समय से पहले पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता के दिन किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

### भाकियू ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा



**हल्दौर।** विद्युत समस्याओं से जूझ रहे किसानों की परेशानी को लेकर भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर स्थित बिजलीघर पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अनियमित विद्युत सप्लाई, कम वोल्टेज व बार-बार फाल्ट जैसी दिक्कतें बनी हुई हैं, जिससे किसान अपनी सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती समस्याओं को लेकर किसान बेहद परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने 8 दिसंबर को बिजलीघर में होने वाली मासिक बैठक में इन मामलों को प्राथमिकता से उठाने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एसडीओ अभयपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकुर कुमार, धर्मवीर सिंह, सुमित कुमार, राजन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित मां शांति बाई सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जैतरा में प्रांतीय योजनानुसार 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व आसपास की लगभग 250 मातृशक्ति ने प्रतिभाग कर समाज निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को दृढ़ता के साथ दोहराया।

विद्या भारती विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान माना जाता है, जो देशभर में 22 हजार से अधिक विद्यालयों के माध्यम से संस्कारवान शिक्षा और समाज जागरण का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में विद्या भारती द्वारा पूरे भारत में 30 हजार 'सप्त शक्ति संगम' (मातृशक्ति सम्मेलन) आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी योजना के तहत धामपुर स्थित



**मातृशक्ति ने लिया विकसित भारत का संकल्प**

विद्यालय में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को कुटुंब व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका और बच्चों में संस्कार निर्माण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। सभी मातृशक्ति ने इन विषयों पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अपर्णा जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि और समाज व राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा आभा जी ने मातृशक्ति से इस संकल्प को व्यवहारिक रूप में उतारने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, आरएसएम डिग्री कॉलेज धामपुर की प्राचार्या श्रीमती रश्मि रावल ने मातृशक्ति को भोजन स्वदेशी, भूषा स्वदेशी और भाषा स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इंद्रवीर सिंह ने सभी प्रतिभागी मातृशक्ति का स्वागत कर कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन कु. नेहा ने किया तथा संयोजिका श्रीमती हिमानी राठी रहीं। कार्यक्रम में श्रीमती रुद्रेश, श्रीमती कमलेश, श्रीमती अनुपम, कु. रुपांजली और श्रीमती रानी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन 'मातृ सप्त शक्ति संगम' के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी देने की प्रतिज्ञा दोहराई।

## विश्व दिव्यांग दिवस: जरूरतमंदों को सहायक उपकरणों का वितरण



**बिजनौर।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी कार्यालय प्रांगण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्मिको कानपुर के द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बिजनौर के सौजन्य से अध्यक्ष जिला पंचायत चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, डा. कौशलेंद्र सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डा. उर्मिला, जागेश्वर सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कर कमलों द्वारा दिव्यांगजनों को 13 मोट्राइज्ड ट्राईसाकिल, 14 ट्राईसाकिल, 03 व्हील चेयर, 04 कान की मशीन, 28 बैशाखी, 04 वॉकिंग स्टीक, 02 एमआर किट, 01 स्मार्ट केन, 01 ब्रेल केन ब्लांड छड़ी के वितरण कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर डॉ. विशाल, रोबिन कुमार, योगेश ठाकुर सुनील एवं सुनील भारद्वाज (वीरा कॉलेज) अनुज पाठक, महबूत अली, भुवन पांडे, गोविन्द दास वरिष्ठ सहायक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बिजनौर, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर नेहरू स्टेडियम बिजनौर में जनपद के दिव्यांगजनों द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत, अध्यक्ष जिला पंचायत चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, जागेश्वर सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बिजनौर, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव के कर कमलो द्वारा दिव्यांगजनों को 30 ट्राईसाकिल आदि सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया गया। वितरण के समय शिक्षा अधिकारी मौ.पुर देवमल प्रभात कुमार, डीसी समग्र शिक्षा लियाकत अली, डीसी अनुज शमा, दीपमाला, असमा निगार आदि उपस्थित रहें।

## सिद्धार्थ जायसवाल ने मांगा अधिवक्ताओं से समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की सक्रियता तेज हो गई है। इसी क्रम में प्रयागराज से आए उम्मीदवार सिद्धार्थ जायसवाल धामपुर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने अधिवक्ता संघ के सदस्यों से मुलाक. ात कर अपने पक्ष में समर्थन और मतदान की अपील की।

सिद्धार्थ जायसवाल ने अधिवक्ताओं के बीच अपने विचार रखते हुए कहा कि कौंसिल का चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं की समस्याओं और संगठन को मजबूत करने का भी माध्यम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुने जाने पर वे अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं दिलाने, उनके हितों की रक्षा करने तथा कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

अधिवक्ताओं के साथ हुई वार्ता में आगामी चुनावी मुद्दों, अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा, अधिवक्ता भवन के संसाधनों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। कई अधिवक्ताओं ने स्थानीय स्तर की समस्याओं से भी उम्मीदवार को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान अधिवक्ता नितिन अग्रवाल, मेहराजू हसन एड., जयंत कुमार एड., विनोद सैनी एड., राजपाल सिंह एड., देवेंद्र सिंह, दीपचंद, तारा सिंह, कुणाल गांधी एड., उमर ताजुद्दीन एड. सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने उम्मीदवार के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और चुनाव प्रक्रिया तथा संगठन के भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# पुलिस ने ग्रामीणों को दी साइबर सुरक्षा की सीख

## प्रभारी निरीक्षक ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में थाना क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में साइबर अपराधों से बचाव व यातायात नियमों की जानकारी को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि आजकल साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ठग अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। कॉल, एसएमएस, ऑनलाइन लिंक, सोशल मीडिया, बैंकिंग ऐप, यूपीआई तथा नंबर मिलाकर ठगी जैसे मामलों में लोग सबसे अधिक शिकार बनते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। बैंक, सरकार या किसी संस्था के नाम पर आए कॉल लिंक पर विश्वास न करें। ओटीपी, एटीएम, पिन, पासवर्ड किसी को न बताएं। सोशल मीडिया पर आने वाले अज्ञात मैसेज-वीडियो लिंक से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की ठगी की घटना होने पर तुरंत 112 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि समय रहते जागरूक होकर ही हम अपराधियों से बच सकते है। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी छोटी-छोटी सावधानियां हमारे लिए सबसे बड़ा संरक्षण कवच हैं। संजय कुमार ने यातायात नियमों पर भी विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। तेज रफ्तार ओवरलोडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम अपने परिवार और समाज दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के इस उत्कृष्ट प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

# आरबीडी में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

## कार्यक्रम में मोहन राकेश के नाटकों और कहानियों पर विस्तार से चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास एवं रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कालजयी रचनाकार मोहन राकेश एवं श्री लाल शुक्ल के जन्मशती समारोह के उपलक्ष्य में 'मोहन राकेश और श्रीलाल शुक्ल के साहित्य में चित्रित यथार्थबोध' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हरि मोहन शर्मा, मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अरुण देव, विशिष्ट वक्ता चमनलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरिद्वार के प्राचार्य प्रो. सुशील उपाध्याय, प्रख्यात जन कवि डॉ. संजय कुमार त्यागी, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिकारा, कार्यक्रम समन्वयक डा. शारदा द्विवेदी एवं सह समन्वयक डा. वर्षा के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं बैज लगाकर किया गया।

तत्पश्चात सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति में यथार्थ को लिखने का साहस बहुत कम होता है। जितने भी यथार्थवादी कवि या लेखक हुए हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में बेबाकी से जीवन का सत्य लिखा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सेमिनार के पश्चात हम सभी कुछ न कुछ ऐसा अवश्य लेकर जाएंगे जो अनिश्चित काल के लिए हमारे मस्तिष्क पर अपनी छाप छोड़ जायेगा। इसी क्रम में समन्वयक डा, शारदा द्विवेदी के द्वारा संगोष्ठी के विषय पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इसी के साथ डा. वर्षा के द्वारा हीरा देवी छात्रवृत्ति सम्मान के बारे में छात्राओं को अवगत किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि मोहन राकेश एक बेचैन समय की पैदावार हैं। उन्होंने मोहन राकेश के साहित्यिक योगदान की सराहना की और उनके विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। संगोष्ठी में मोहन राकेश के नाटकों और कहानियों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके साहित्यिक विचारों को समझने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. हरि मोहन शर्मा ने लाल शुक्ल के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लाल शुक्ल एक महान साहित्यकार थे, जिन्होंने हिंदी साहित्य को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि श्री लाल शुक्ल की रचनाएं समाज की वास्तविकता को उजागर करती हैं और उनके पात्र जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रतिबिंबित करते हैं। प्रो. शर्मा ने कहा कि लाल शुक्ल की सबसे प्रसिद्ध रचना 'राग दरबारी' है, जो एक व्यंग्यात्मक उपन्यास है और समाज की खामियों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि लाल शुक्ल की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसके बाद भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिक. ारा ने अपने मिशन के बारे में बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य कन्याओं की सुरक्षा और उनके विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत, वे कन्याओं को शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में राजकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय से प्रो. धीरज कुमार सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सबके साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने मोहन राकेश के प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि यह उपन्यास समाज की वास्तविकता को उजागर करता है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत



**चांदपुर।** ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी जीशान अहमद (50 वर्ष) पुत्र इमामुद्दीन सवेरे बिजनौर से दवाई लेने जाने के लिये चांदपुर पहुंचा था। जहां वे चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने के कारण ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीण की मौत की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत ही 108 एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी स्याऊ पहुंचवाया। चौकी प्रभारी प्रणव कुमार का कहना है कि नजीबाबद गजरौला के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल जाने के कारण यह घटना घटी। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम न कराने की बात कहते हुए अगली कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से इंकार दिया।

### सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्म दिवस सभासद व आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुथलिया, नगर प्रभारी ज्ञान सिंह, नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने केक काटकर अपने प्रिय नेता चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मरीजों को फल भी वितरित किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि नगर कमेटी को बूथ स्तर तक मजबूत करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारा एक-एक वोट पार्टी प्रत्याशी को पड़े। इस मौके पर सलीम मलिक, हाशिम इस्लाम, मरगूब मुल्तानी, मौहम्मद सद्दीक, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जुबैर इकबाल, यासर सईद फैजी, आमिर अली आदि उपस्थित रहे।

### गढ़वाल रायफल व शाहजहांपुर रहे विजयी




**नगीना।** याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन पहला मैच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर को हराकर 4-0 के स्कोर से मैच को जीत लिया। दूसरा मैच देहरादून व शाहजहांपुर के बीच खेला गया। जिसमें शाहजहांपुर ने देहरादून को हरा कर मैच को 3-0 के स्कोर से जीत लिया। बुधवार को खेले गए दोनों मैचों के दौरान चारों टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इन मैचों के रैफरी गोहर निसार, सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, लाइनमैन निसार अहमद व शमशाद रहे। इस अवसर पर राकेश कर्णवाल, कुंवर अमरजीत, अब्दुल समद, मंजीत विश्नोई, पूर्व सभासद गफ्फार मुल्तानी, राकेश मिश्रा एड., नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर उस्मानी, हाशिम इस्लाम अल्वी, अशोक कुमार, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद, चांद भाई, काका अंसारी, जहांगीर खलीफा, अखलाक उर्फ काकू, शाकिर उस्मानी, अब्दुल्ला, शिबली निसार, ताहिर मुल्तानी, आसिम मुल्तानी आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया अभियान का निरीक्षण



**नगीना।** भाजपा पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 241 हरबंशपुर धारम उर्फ अलहैदादपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से प्रवासी के नाते आज बूथ के बूथ अध्यक्ष बीएलओ एवं गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर लोगों को जागरुक कर कार्यक्रम के बारे में बताया उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में पुन: भाजपा सरकार बनने जा रही है। इसलिए हमें अपने-अपने बूथ पर सही से कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना होगा एवं बीएलओ का सहयोग कर सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार 1180 फार्म वितरित हो चुके हैं, जिसमें से 955 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 62 नाम काटे गए हैं। शीघ्र बूथ पर एवं नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतीश गौतम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र राठी, बूथ अध्यक्ष नथू सिंह, बीएलओ कौशल देवी, राम गोपाल, छोटू राम, अमन सिंह सरला देवी, रमेश कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### हिमालया वैलनेंस का औद्योगिक भ्रमण



**बिजनौर।** वीर कुवंर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। हैड डॉ. सैय्यद फारूख ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में अवगत कराया कि यह कंपनी 1930 से विभिन्न प्रकार की हर्बल फॉरमुलेज़न तैयार करती है। डा. जफर अहमद व डा. अनिल ने कम्पनी के भीतर जो भी दवाईयां निर्मित करने की लैब होती है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी विद्यार्थियों को दी। म्यूजियम व हर्बल गार्डन को भी कंपनी के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के साथ रहकर उनके बारे में भी विस्तारपूर्वक देते हुए अवगत कराया की कंपनी का वातावरण कितना उचित व स्वच्छ है। आद्योगिक भम्रण में फार्मेसी डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नरदेव सिंह, ज्योति सिंह, मौ. नावेद एवं मौ. जुबैर उपस्थित रहे। प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण के उपरान्त वापस लौटे छात्रों एवं प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कालेजस प्रत्येक वर्ष विभिन्न उच्चस्तरीय औद्योगिक भ्रमण कराता है, जिससे छात्र/छात्राओं को नई तकनीकी की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

# पैंशनर्स दिवस पर होगा समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वार्षिक पैंनर्सदिवस पर पैंशनर्स की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर वार्ष्र्जिक पैंनर्स दिवस कलैक्ट्रेट सभागार बहजोई में 17 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग के 26 नवम्बर के पत्र के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों में जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे पैंशनर्स दिवस का आयोजन होगा। शासनादेश के अनुसार कार्यालयाध्यक्षों को स्वयं अथवा कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी को इस आयोजन में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि पेंशनर्स की समस्या का त्वरित निस्तारण को कार्यवाही की जा सके। 17 दिसम्बर को आयोजन प्रातः 11 बजे कलैक्ट्रेअ सभागार मेकं किया जायेगा।



सम्भल- ग्राम चौकुनी जाने से पूर्व मुरादाबाद रोड पर कार्यकर्ताओं के साथ जाते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय

# एसआईआर कार्य में बीएलओ की मौत के लिए भाजपा जिम्मेदार: अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर कार्य मे डयूटी अंजाम देने वाले बीएलओ की मौत पर परिवार को सांत्वना देने सम्भल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया और बीएलओ की मौत के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए वोट काटने के लिए दबाव में काम कराने के आरोप लगाये।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम चौकुनी निवासी अरविन्द कुमार एसआईआर कार्य के चलते हुई मौत पर उनके निवास पर परिजनों को सांत्वना देने जा रहे थे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की और शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम एवं पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की ने सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के निकट रिसीव किया।इस दौरान उन्होने मुरादाबाद रोड पर कुछ देर के लिए पत्रकारों से वार्ता की अजय राय ने कहा कि वह एसआईआर कार्य से आत्म हत्या करने व दबाव में काम न करने पर मानसिक उत्पीड़न के चलते हुई बीलएओ की मौत पर उनके परिजनों से मिलते हुए सम्भल पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मै आठवें स्थान पर आ रहा हूँ। निश्चित तौर से यह अत्याचार किया जा रहा है इसका समय सीमा बढ़ाई जाये। परिवार के लिए सरकार और चुनाव आयोग से एक करोड़ के मुआवजे और नौकरी की तथा परिवार के बच्चों को शिक्षा की सुविधा दी जाये। पहले सरकारी

**○गांव चौकुनी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

नौकरी मिलती थी बड़े घर मे खुशी होती थी। अब यह सरकारी नौकरी एसआईआर की मृत्यु बन गई है जो कि अभिशाप बन गई है। 14 तारीख को दिल्ली रामलीला मैदान मे रैली करने जा रहे हैं जो सरकार नाम काटने का काम कर रही है सारी बाते देश के सामने रखेंगे। हमारे कार्यकर्ता एसआईआर का कार्य कर रहे है। यह सरकार जानबूझकर बीएलओ पर दबाव बना रही है विपक्ष के नाम काटने का लिए यह घटनाये जा रहे हैं। वक्फ सम्पत्तियों के उम्मीद पोटर्ल पर कहा कि समय बढ़ना चाहिए। बिहार चुनाव मे हार पर कहा कि हम अपनी 403 विधानसभा चुनाव मे संगठन सृजन करने का काम कर रही है। पंचायत चुनाव हम अकेले लड़ने जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन के दौरे पर कहा कि यह जबसे भाजपा की सरकार और मोदी जी आये हैं विपक्ष को कमजोर किया जा रहा है। पहले सरकारें थी विदेशी से आने वाले मेहमानों से सबको मिलवाया जाता था। हमारे नेता राहुल गांधी को मिलने देना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अजय राय नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंचे। वहां उन्होने बीएलओ मृतक अरविन्द कुमार के परिवार से मुलाकात करते हुए सांत्वना देकर हर हाल मे उनके साथ खड़े रहने को आश्वस्त किया।इस मौके पर मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, सम्भल जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम, असमोली विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी मरगूब, आरिफ तनवीर, रईस अहमद मसूदी, डा. मरगूब अहमद कल्पना सिंह मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर कब्ज़े की शिकायत पर पीठाधीश्वर दूसरों से बनवा रहे निशाना: उठवाल

**○कांग्रेस नेता ने अपने खिलाफ दी तहरीर कल्कि पीठाधीश्वर के इशारे पर दिलाने का लगाया आरोप**

**○कोई भी अप्रिय घटना होने पर पीठाधीश्वर को जिम्मेदार होने का आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग डा. अमित कुमार उठवाल ने अपने खिलाफ दी गई तहरीर के लिए आचार्य प्रमोद कृष्णम् पर ठींकरा फोड़ा है। उन्होने सरकारी भूमि पर किये जा रहे कब्ज़े के प्रयासों को रोकने के लिए अधिकारियों को पख प्रेषित करने पर बौखलाहट में ओछी मानसिकता का परिचय देकर उनके द्वारा पोषित व्यक्ति से तहरीर दिलाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता अपने कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होने कहा कि राजस्व एचौड़ा कंबोह की सरकारी भूमियों पर लगभग 40 वर्षों से आचार्य प्रमोद कृष्णम कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए सरकार एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मेरी ओर से पत्र प्रेषित किए गए। जबकि अनेको बार साक्ष्यों सहित प्रेसवार्ता की जिससे आचार्य प्रमोद कृष्णम बौखला गए और। ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए अपने द्वारा पोषित व्यक्ति फिरोज खान से मेरे खिलाफ एक झूठी तहरीर दी गई की मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई तथा भड़काऊ भाषण देकर सम्भल का माहोल बिगाड़ने का प्रयास किया है। उन्होने विवेचना अधिकारी से विवेचना कर संबंधित मोबाइल नबर एवं आवाज की जांच कर विधि सम्मत कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही इस षडयंत्र का पर्दाफाश करने की मांग करते हुए जांच में पुरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया है। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम जब इतना गिर सकते है तो वह कुछ भी कर सकते हैं। पुलिस एवं प्रशासन को मेरी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने और उनके साथ होने वाली किसी भी अप्रयि घटना के लिए आचार्य प्रमोद कृष्णम को जिम्मेदार होना कहा है। उन्होने आचार्य प्रमोद कृष्णम को चुनौती देते हुए सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया है और कल्कि धाम निर्माण की भूमि संख्या 282 पर आज भी उनके नाम दर्ज नहीं हैं तो सीधे मेरे खिलाफ न्यायालय में मानहानि का मामला दर्ज कराए। किसी दूसरे व्यक्तियों की इस मामले मैं शामिल करने का प्रयास ना करने की मांग की है।

# चंदवार के प्रधान के खिलाफ कीचड़ पर भड़के ग्रामीण

**○कीचड़ में खड़े होकर किया प्रदर्शन, विकास कार्य न कराने के आरोप ग्रामीणों ने दी आन्दोलन की चेतावनी**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



सम्भल-चंदवार के ग्राम प्रधान के खिलाफ कीचड़ में खड़े होकर नारेबाजी करते ग्रामीण

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव चंदवार की मढ़ैयों में गलियों और मार्गों पर फैले कीचड़ से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। लंबे समय से सफाई न होने और रास्तों की मरम्मत कार्य बंद होने पर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों को नजरांदाज करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि कीचड़ से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, वहीं बुजुर्ग और महिलाएँ आवागमन में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई मार्ग इतने जर्जर हो चुके हैं कि पैदल चलना भी खतरनाक हो गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सफाई अभियान शुरू नहीं हुआ और रास्तों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और प्रधान द्वारा समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने लगाया आरोप तनवीर पुत्र नूर मोहम्मद, मयूर खान पुत्र जरीफ, नासिर, इमरान पुत्र मुसब्बिर, फरमान पुत्र्र नबी जान, आस मोहम्मद पुत्र हुसैन बख्श आरिफ पुत्र नफीस, शाने आलम पुत्र दूल्हे जान, बाबू पुत्र मुस्ताक, मेहंदी हसन पुत्र फरीद मोहम्मद, सैफ अली पुत्र नोशे, गुलाम मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव के विकास कार्यों को प्राथमिकता में नहीं रखा जा रहा है, जिसके कारण समस्याएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## पर्यटन मंत्री आज सम्भल में

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ. प्र. जयवीर सिंह का आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।वह अपराह्न 12:15 बजे श्री कल्कि धाम ऐंचोड़ा कम्बोह विकास खण्ड असमोली में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास/ लोकार्पण करेंगे।

# हवा में काफी नीचे तक लगाए हेलीकॉप्टर ने तीन राउंड

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दिन के तीसरे पहर आमसान में उड़ रहा हैलाकॉप्टर अचानक नीचे मंडराने लगा। कोट गर्बी/कोट पूर्वी क्षेत्र में हैलीकॉन्टर काफी नीचे मंडराते देख लोग अचम्भे में पड़ गए और तरह-तरह की चर्चायें करने लगे।

गुरूवार को करीब तीन बजे आमसान में उड़ रहा हैलीकॉप्टर अचानक नीचे की ओर उड़ने लगा। कुछ देर में ही हैलीकॉप्टर काफी नीचे हवा में मंडराने लगा। हैलीकॉटर ने कोट गर्बी/कोट पूर्वी क्षेत्र में नीचे मंडराता हुआ तीन चक्कर लगाए। इतना नीचे हैलीकॉप्टर उड़ते देख लोग सकते में पड़ गए। और तरह-तरह की चर्चायें करने लगे। हैलीकॉप्टर इतने नीचे क्यों और किस उददेश्य से मंडराया इसका पता नहीं चल सका, लेकिन लोगो में चर्चा है कि हैलीकॉप्टर में एक अखाड़े में महामंडलेश्वर सवार थे और वह बहजोई जा रहे थे। इस दौरान हैलीकॉप्टर कोट गर्बी/कोट पूर्वी क्षेत्र में पहुंचते ही काफी नीचे उड़ता हुआ तीन चक्कर लगाकर बहजोई की ओर उड़ता हुआ चला गया।

# कल्कि भगवान के अवतार का समय व स्थान को भ्रम पैदा करने का असफल प्रयास: कुलदीप

**○कल्कि सेनाध्यक्ष ने जताया रोष, सनातन धर्म जनता की ओर से पत्र जारी कर भ्रम में न पडने पर जोर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भगवान श्रीकल्कि का कहीं ओर अवतार को लेकर श्रीकल्कि सेनाध्यक्ष ने तीखा रोष जताया है। उन्होने कल्कि भक्तों और सनातनी धर्मी जनता की ओर से पत्र जारी करते हुए कहा कि शास्त्रों और पुराणों में भगवान श्रीकल्कि के अवतार की जो उदघोषणा हुई है उसमें किसी भी अनगल या विपरीत वक्तव्य को मान्यता नहीं दी जायेगी। भगवान श्रीकल्कि का अवतार 24 कौसीय परिक्रमा के अर्न्तगत बसे त्रिभुजाकार सम्भल में ही होगा। यही समस्त कल्कि नगरी कल्कि धाम है। किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वह यास्त्रों और पुराणों की उद्घोषणा को गलत साबित करे। कल्कि अवतार सत्य सनातन धर्म की पुर्न स्थापना एवं विश्व कल्याण के लिए होगा। भगवान श्री कल्कि का अवतार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि गौधुलि बेला में होगा। उन्होने कहा के कुछ लोग भगवान के अवतार के समय एवं स्थान को लेकर भ्रम पैदा करने की असफल कोशिश कर रहे हैं श्रीकल्कि सेना (निष्कलंक दल) समस्त सनातन जगत को बताना चाहता है कि भगवान श्रीकल्कि कसाा सबसे प्राचीन मन्दिर श्रीकल्कि विष्णु मन्दिर, कोट पूर्वी, सम्भल में स्थित है। जिसका लगभग 300 वर्ष महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा जीर्णोद्वार कराया गया। जबकि सम्भल के लगभग एक हज़ार वर्ष पुराने मानचित्र में इस मन्दिर का नाम मनु श्री कल्कि मन्दिर के नाम से उल्लिखित किया गया है। इस प्राचीन मन्दिर से सभी कल्कि भक्तों की आस्था जुड़ी है और श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी व शष्ठी तिथि को पिछले 65 वर्षों से भव्य श्री कल्कि जयंती महोत्सव मनाया जाता है। उन्होने पत्र जारी करने के उददेश्य को स्पष्ठ करते हुए कहा कि यह सब बातें इसलिए बतायी जा रही हैं जिससे सत्य का उदघाटन हो और झूठ को मान्यता नहीं मिल पाये।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-ग्राम रतूपुरा में अवैध खनन भरे उम्फरों को पकड़ते खनन निरीक्षक।

### अवैध खनन करते निरीक्षक ने पकड़ी जे सी बी

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**असमोली।** ग्राम रातूपुरा में खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी को पकड़ा। उक्त जेसीबी द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किए हुए एक भट्टे पर मिट्टी का खनन कर ईट पलोथन का कार्य किया जा रहा था। खनन निरीक्षक द्वारा जेसीबी को पकड़ कर मढ़न पुलिस चौकी थाना असमोली में सुपुर्द किया गया। मुरादाबाद से मनौटा पुल के बीच मंसूरपुर चौकी के समीप राजस्व विभाग से तहसीलदार सम्भल तथा एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी एवं खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा उप खनिज का मानक के विपरीत परिवहन करते हुए तीन वाहनों को पकड़ कर थाना असमोली में सुपुर्द किया गया।

### घरेलू उपभोक्ता व 1 किलोवाट तक की दुकानों के बकायदारों को मिलेगा लाभ

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश की बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत केवल 1-2 किलोवाट वाले घरेलू उपभोक्ता और 1 किलोवाट तक की दुकानों के बकायेदारों को लाभ मिलेगा। अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इस योजना में मूलधन पर 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। छूट तभी मिलेगी जब ब्याज माफी के बाद बची पूरी बकाया राशि एकमुश्त जमा की जाएगी। योजना का उद्देश्य छोटे उपभोक्ताओं को वित्तीय राहत देकर बिजली कनेक्शन नियमित कराना है।

# समय सीमा खत्म होने के 48 घंटे बाकी मात्र 770 पोर्टल पर दर्ज

**○ जनपद में 1550 वक्फ सम्पत्तियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में वक्फ संपत्तियों का रिकार्ड उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करना है लेकिन रिकार्ड और प्रबंधक न मिलने के चलते यह कार्य नहीं हो पा रहा है। अब तक लगभग 770 संपत्तियां ही ऑनलाइन दर्ज हो पाई है। जबकि उम्मीद पोर्टल पर वक संपत्तियों का आनलाइन दर्ज करने की समय सीमा पांच दिसंबर है।

जिले में लगभग 1550 वक्फ संपत्तियां हैं। इसमें अब तक करीब आठ सौ संपत्तियों की ही आनलाइन कराने की प्रक्रिया अपनाई गई है। इसमें शिया और सुन्नी की संपत्तियां शामिल है। वहीं लगभग साढे सात सौ संपत्तियो का डाटा अभी तक आनलाइन दर्ज नहीं किया गया है। यह हाल तब है जब सरकार की ओर से इसके लिए पांच दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है। समय सीमा बीतने में सिर्फ 48 घंटे का ही समय शेष है। जबकि जगह-जगह बैठकों के अलावा भी सम्पत्तियां दज कराने के लिए प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। शासन के निर्देश पर अधिकारियों ने भी वक्फ संपत्तियों के आनलाइन कराए जाने के संबंध में कई बार बैठकें की। इसका लगातार प्रचार-प्रसार कराया गया मगर इसके बाद भी आनलाइन प्रक्रिया धीमी है।

# सम्पत्तियों के पंजीकरण को पोर्टल का समय बढ़ाया जाए

**○सपा नेता ने केन्द्रीय मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- वक्फ सम्पत्तियों को पोर्टल पर दर्ज कराने का समय बढ़ाने की मांग को ज्ञापन देते।

**सम्भल।** एसआईआर के साथ वक्फ सम्पत्तियों का उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण का समय बढ़ाने की मांग तेज हो गयी है। सपा नेता ने रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण एवं संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू को ज्ञापन सौंपकर कहा कि देश में इस समय वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर चल रहा है। रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 05 दिसम्बर 2025 तक है। परन्तु अभी तक देश में कुल वक्फ सम्पत्तियों में से लगभग 30 प्रतिशत सम्पत्तियों का ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो सका है। वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन करने वाला उम्मीद पोर्टल का सर्वर धीमा चल रहा है तथा अक्सर बन्द भी हो जाता है, जिसके कारण वक्फ सम्पत्तियों के रजिस्ट्रेशन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें कहीं न कहीं साजिश की बू आती है। ज्ञापन में उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों के रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि को 02 माह आगे बढ़ाने की मांग की गई है। जिससे समय से पूरे देश में वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण रूप से हो सके। ज्ञापन देने वालो में शामिल रहे राम रहीस यादव जाहिद खाँ मियां असलम खाँ मौहम्मद शान आरिफ खाँ जावेद नफीस गुलाम मुस्तुफा फैजान शाही जबर सिंह गौरव बिलाल खाँ आदि मौजूद रहे।

# चौकीदार को अज्ञात वाहन कुचलकर फरार

**○मौके पर हुई मौत, शव पुलिस ने पीएम को भेजा**

**○चालक वाहन समेत फरान होने में हुआ कामयाब**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के रझेड़ा सलेमपुर के नजदीक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के खानुपुरा गांव निवासी राकेश (45) पुत्र पीतंबर गुरुवार को किसी काम से सम्भल गए हुए थे। अपनी बाइक से देर शाम वह वापस लौट रहे थे तो थाना क्षेत्र के संभल गवॉं मार्ग पर रझेड़ा सलेमपुर गांव के नजदीक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

बाइक पर सिर में हेलमेट नहीं होने के चलते सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। आसपास ग्रामीणों ने देखा तो डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 तथा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और थाना प्रभारी सौरभ त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भर जिला अस्पताल के लिए मोर्चरी पर भेज दिया। मृत्यु की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि राकेश गांव में ही पुलिस चौकीदार थे। हादसे के बाद वहां काफी भीड़ लग गई।।

# जनसेवा केन्द्र में चोरों ने लगाया कूमल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर गांव में बुधवार मध्य रात्रि लगभग चोरों ने जन सेवा केंद्र में कूमल लगाकर नगदी तथा मोबाइल सहित हजारों का माल समेट लिया।

थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर गांव निवासी जितेंद्र पुत्र हरपाल सिंह का गांव में ही जन सेवा केंद्र है। बुधवार को जन सेवा केंद्र बंद करने के बाद जितेंद्र घर चला गया सुबह आकर देखा तो दुकान में कूमल लगा हुआ था और दुकान में रखी 47 हजार रुपए की नकदी तथा तो मोबाइल गायब थे। चोरी की सूचना पर भीड़ एकत्रित हो गई। जहां पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# खेत में ट्रैक्टर निकालने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**○दोनों पक्षों की ओर से जमकर चले लाठी-डंडे**

**○दों पक्षों से एक दर्जन घायल, दो हायर सेंटर किए रैफर**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सरसों के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के खूनी संघर्ष में बारह लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए गुन्नौर अस्पताल भेजा।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी के जंगल में सत्यपाल की सरसों के खेत में होकर खुशीराम ट्रैक्टर निकाल रहा था। जिसमें सत्यपाल पक्ष ने टैक्टर निकालने का विरोध किया तो मामला बिगड़ गया। जिसमें दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष का रूप धारण कर लिया। विवाद इतना बड़ा कि दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें बारह लोग घायल हो गए। वही दोनों घायल पक्ष थाने पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां दो लोगों को गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों का गुन्नौर अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस खूनी संघर्ष के आरोपियों की जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई करने में लगी है। एक पक्ष से छः लोग घायल हुए है। जिसमें सत्यपाल, सोनू पुत्रगण पातीराम, श्रीपाल पुत्र रायसिंह पातीराम, रघुनन्दन, प्रेम सिंह पुत्रगण लखपत सिंह गंभीर रूप घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष से भी छ लोग घायल हुए है। जिसमें धीरेन्द्र राम गजेंद्र खुशीराम पुत्रगण प्रकाश सिंह, सुरेश पुत्र रामसिंह,भागीरथ पुत्र सुरेश विनोद पुत्र खुशीराम भी गंभीर रूप घायल हो गए। ग्रामीण जीतपाल ने बताया कि खुशीराम सरसों के खेत से होकर ट्रैक्टर निकाल रहा था। तभी दूसरे पक्ष के पातीराम के लोगों ने ट्रैक्टर निकालने को लेकर विरोध किया। तो दोनों के बीच गाली-गलौच व लाठी डंडों चल पड़े जिसमें दोनों पक्ष के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षो में लाठी डंडे चल गए। उनका गुन्नौर अस्पताल में चिकित्सक उपचार करने में जुट गए है। जिसमें दो लोग पातीराम व सत्यपाल को अलग अलग हायर सेंटर अलीगढ व सम्भल रेफर कर दिया। बाकक घायलों को उपचार देकर घर भेजा गया। वही पुलिस दोनों पक्षों से मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# बाल विवाह मुक्ति को कांधे से कांधा मिलाकर काम करेगी प्रयत्न संस्था

**○100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने को दोहराया संकल्प**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर प्रयत्न संस्था ने बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू हुए '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया।

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य उस पूरे परिवेश को धवस्त करना है जो बाल विवाह के फलने-फूलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि स्पष्ट नीतियों, लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गांव-गांव तक पहुंच रहे प्रयासों की बदौलत भारत बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र ने अधिसूचना जारी कर सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि बाल विवाह मक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जनसमुदाय में चौतरु और स्पष्ट बदलाव देखने को मिले। अधिसूचना के बाद राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय, पंचायती राज मंत्रलय, ग्रामीण विकास मंत्रलय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि लक्षित उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लगातार सहयोग और विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा, जिला प्रशासन बाल विवाह के खात्मे की दिशा में बढ़-चढ़ कर प्रयास कर रहा है। हमारी सफलताएं उनके साथ करीबी समन्वय से काम करने का नतीजा हैं। आज पूरा देश एकजुट है और देश का शीर्ष नेतृत्व बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में हम निश्चित रूप से 2030 से पहले ही देश को इस अपराध से मुक्त बना देंगे। दुनिया जिसे कभी असंभव मानती थी, वह आज भारत में सम्भव होता दिखाई दे रहा है और इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व का विषय है।प्रयत्न संस्था बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' ने एक स्पष्ट और लक्ष्य केंद्रित रणनीति तय की है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न होते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ होने वाले इस सदियों पुराने अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# श्रम विभाग की बिल्डिंग पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने लगा युवक

## ● रिश्वतखोरी का गंभीर आरोप–पुलिस व अधिकारियों ने समझाकर उतारा नीचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। कचहरी स्थित श्रम विभाग की बिल्डिंग गुरुवार दोपहर अचानक हंगामे का केंद्र बन गई, जब अमरोहा निवासी एक युवक तीसरी मंजिल पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। युवक ने श्रम विभाग के अधिकारियों पर उसकी योजना संबंधी फाइल पास करने के बदले मोटी रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया। यह देखकर परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही मिनटों में बड़ी संख्या में लोग नीचे इकट्ठा हो गए।घटना करीब 1:30 बजे की है। पीड़ित युवक लोकेश कुमार बिना किसी से बात किए सीधे बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर पहुंच गया और छज्जे के किनारे खड़ा होकर चिल्लाने लगा कि बाल शिशु योजना के तहत उसके बच्चे के जन्म पर







मिलने वाली आर्थिक सहायता के आवेदन को जानबूझकर रोक दिया गया। उसने कहा कि फाइल पास करने के बदले कर्मचारियों द्वारा मोटी रकम की मांग की जा रही है। लोकेश का आरोप है कि उसने रिश्वत देने से इनकार किया तो उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।उसकी तेज आवाजें सुनकर नीचे मौजूद लोग डर के साए में आ गए। देखते ही देखते पूरा जिला पंचायत परिसर दहल उठा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कई मिनट तक युवक को समझाने का प्रयास करती रही। गुस्से में बेकाबू लो. केश छज्जे के बिल्कुल आखिरी सिरे पर बैठा हुआ था। आखिरकार उप श्रम आयुक्त दीप्तिमान भट्ट मौके पर पहुंचे और लगातार बातचीत कर युवक को शांत किया, जिसके बाद वह नीचे उतर आया।उधर, उप श्रम आयुक्त दीप्तिमान भट्ट ने आरोपों से इंकार किया। उन्होंने बताया कि लो. केश द्वारा बाल शिशु योजना का आवे. दन किया गया था, लेकिन जांच में पाया गया कि वह खेती का काम करता है और पंजीकृत निर्माण श्रमिक नहीं है, इसलिए आवेदन निरस्त किया गया था। उन्होंने कहा कि युवक बिना उनसे मिले सीधे छत पर चढ़ गया।

विभाग उसकी समस्या दोबारा सुनकर नया आवेदन स्वीकार करेगा और नियमों के तहत मदद दी जाएगी।

# आवेदन पत्र की उच्च अधिकारी से एक बार और जांच कराई जाएगी: दीप्तिमान भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** उप श्रम आयुक्त दीप्तिमान भट्ट ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि लोकेश कुमार पुत्र हरस्वरूप सिंह निवासी ग्राम सहडौली, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद द्वारा अज्ञात के उकसावे में आकर उप श्रम आयुक्त, कार्यालय की छत पर चढ़कर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रेस को जारी बिहार में कहा है कि जिसकी प्रथम दृष्टया मानसिक स्थित सही प्रतीत नहीं हो रही थी। मामले का परीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि श्री लोकेश कुमार द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत जन सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना पंजीयन 18 जनवरी 2022 को कराया गया। उसी पंजीयन के सापेक्ष उनके द्वारा अपनी द्वितीय संतान के जन्म होने पर बोर्ड द्वारा संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत आवेदन 3 अगस्त 2025 को ऑन लाइन प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी / जॉच अधिकारी द्वारा आवेदन की जॉच के समय लोकेश के द्वारा किये जाने वाले कार्य आदि के सम्बन्ध में 27 अगस्त2025 को बयान दर्ज किये गये, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि वह खेती से सम्बन्धित कार्य करता है तथा कोई निर्माण कार्य नहीं करता। जॉच अधिकारी द्वारा श्री लोकेश द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न अभिलेखों का भी अवलोकन किया गया जिनमें, नियोजन प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। चूंकि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) 1996 की धारा-12 (1) के अनुसार निर्माण श्रमिकों के पंजीयन का प्राविधान किया गया है तथा बोर्ड की अधिसूचना 1अक्टूबर 2020 के नियम-4 के अनुसार आवेदन की जॉच के समय आवेदक के निर्माण श्रमिक न पाये जाने पर पंजीयन को शून्य मानते हुए आवेदन को निरस्त किये जाने का प्राविधान है। जॉच अधिकारी द्वारा लोकेश के बयान तथा वार्णित प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए आवेदन निरस्त किये जाने की संस्तुति की गयी। लोकेश द्वारा इसी आवेदन को नियम विरूद्ध स्वीकृत कराने एवं ब्लैकमेलिंग के उद्देश्य से कार्यालय की छत पर अनुचित ढंग से प्रदर्शन किया गया है। श्री लोकेश द्वारा प्रस्तुत मातृत्व शिशु एवं बालिका मद्द योजना के अन्तर्गत नियमविरूद्ध आवेदन को;पूर्व में भी जॉच/स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा 5 जुलाई 2022 निरस्त किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त कोई गम्भीर बिमारी न होने के बाबजूद लोकेश द्वारा नियमविरूद्ध ढंग से किये गये गम्भीर बीमारी सहायता योजना के आवेदन को भी 18 सितम्बर 2025 को निरस्त किया जा चुका है। पुलिस तथा विभागीय अधिकारियों के द्वारा पात्रता के अनुसार आवेदन की पुन: जॉच एवं कार्यवाही के आश्वासन पर लोकेश द्वारा प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रकरण में लो. केश के आवेदन पर पात्रता / नियमानुसार पुन: जॉच कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

# मुगलपुरा पुलिस ने साइबर क्राइम के प्रति अभियान चला कर लोगों को किया जागरूक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर कड़ी नजर रखते हुए पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए लोगों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस का कहना है कि अब साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही ठग के बैंक खाते को तत्काल प्रभाव से सीज करने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि पीड़ित की धनराशि सुरक्षित रह सके।इस अभियान के तहत मुगलपुरा पुलिस ने चौराहों पर उतरकर लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़े उपायों की जानकारी दी। एसएसआई विकेश राणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ठगी होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सूचना दें। समय पर दी गई जानकारी से कई मामलों में रुपए वापस कराना संभव हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसाते हैं, इसलिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है।पुलिस टीम ने राहगीरों और दुकानदारों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या बैंकिंग सूचना साझा न करें।

मुगलपुरा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान का मकसद जनता को हर स्तर पर साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क करना है, ताकि जनपद में बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सके।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 26.11 करोड़ को विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मूढ़ापांडे।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 26.11 करोड़ को विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। कुंदरकी विधानसभा की प्राचीन शिव मंदिर कुंदरकी परियोजना का शिलान्यास एवं महादेव मंदिर ईंधनपुर नगला परियोजना का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष आकाश पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पर्यटन मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मुंडापांडे ब्लॉक में महादेव मंदिर गोट और भगतपुर टांडा ब्लॉक में महादेव मंदिर जैतपुर के साथ ही ईदगाह कुंदरकी और मुंडापांडे ब्लॉक में ईदगाह दौलरा के सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत करने की मांग पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री से की। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने महिलाओं बुजुर्गों को 3000 कंबल वितरित किए और एसआईआर अभियान में अच्छा कार्य करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं



को शाल और रूम हीटर प्रदान लिए। कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार धार्मिक आस्था के केंद्रों, पौराणिक स्थलों को संरक्षित व विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में मंदिरों के जीर्णोंद्धार व पर्यटन विकास का कार्य लगातार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें करीब 66.3 करोड़ लोगों ने आस्था व पुण्य की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून का राज स्थापित है, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महिलाएं व आमजन सभी सुरक्षित हैं। यहां बैठे हजारों की संख्या में बैठे लोगों को देख में कह सकता हुं, जो लोगो की सेवा करता है वो दिलों पर राज करता है, ऐसे आपके विधायक रामवीर सिंह है। ये ऐसे जनप्रतिनिधि है जो आपके लिए लखनऊ में जाकर कभी लड़कर कभी निवेदन करके योजनाएं लाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आस्था के केंद्रों का विकास हम कर रहे, करोड़ों की योजना दे रहे है। विरासत और धरोहरों का सम्मान कर रहे हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने विधायक कुंदरकी की चारों मांगों को मंच से स्वीकृत करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में शुरू कराने को आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कुंदरकी विधानसभा के 5000 से अधिक लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आकाश पाल, एमएलसी डॉ जयपाल व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, जिला प्रभारी राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, परमेश्वरलाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा देवेंद्र सिंहज गुलाम जिलानी, पूर्व प्रत्याशी केके मिश्रा, निर्यातक राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, बबलू जाटव, संजय कश्यप, दूल्हा नंबरदार, दुर्गपाल सिंह, पप्पू शंखधर, डॉ सुभाष सिंह, बालेचरण बाल्मीकि, चिराग अली, नवनीत धारीवाल, ज्योति बाल्मीकि, रंजीत सिंह, नूरी मौलाना, राजन विश्नोई, गिरीश वर्मा, सचिन चौधरी, मयंक अग्रवाल, रामकिशोर लोधी, सोनू रस्तौगी, रोहित सिंह, सतीश सैनी आदि उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चोरी करने के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ई रिक्शा चोरी करके ले जाने के मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

जिला संभल के थाना चंदौसी के गांव असालतपुर जारई निवासी विमल पुत्र भागीरथ ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह चांद एजेंसी चंदौसी से किराए का ई रिक्शा लेकर चलाता है। 1 दिसंबर को शाम 4:30 बजे बदायूं चुंगी से सवारी का इंतजार कर रहा था। एक व्यक्ति रिक्शा में बैठा हुआ था उसने ई रिक्शा को मोहम्मदपुर टांडा के लिए बुक किया और वह आटा से मऊ होते हुए कच्चे रास्ते से नरौली पहुंचा। नरौली के पास ई-रिक्शा की बैटरी डाउन हो गई उसने ई रिक्शा को भट्टे पर खड़ा करके बैटरी चार्ज की जब वह ई रिक्शा में सवारी को बैठक बरौली रुस्तमपुर अड्डे के पास पहुंचा तो टॉयलेट करने के लिए उतरा। इसी बीच ई रिक्शा पर बैठा व्यक्ति रिक्शे को लेकर फरार हो गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने जिला संभल के थाना हयातनगर के गांव अचोली का रहने वाला अनिकेत पुत्र छोटेलाल, बिलारी थाना क्षेत्र के गांव बरौली रुस्तमपुर के मुन्नालाल पुत्र फगुन थाना सोनकपुर के सरथल बेटला निवासी खुशनबी पुत्र कल्लू सैफी को गिरफ्तार किया। उसके पास एक ई रिक्शा और दो बैटरी भी बरामद हुई। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# चेयरमैन मोहम्मद याकूब की मेहनत लाई रंग

## बरसों के जल भराव से नगर वासियों को मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में हाईवे किनारे बने नाले का पुननिर्माण शुरू हो गया है, जिससे नगरवासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब के प्रयासों से यह संभव हो पाया है, जिन्होंने लगातार इस मुद्दे पर काम किया और संबंधित विभाग, आला अधिकारीयों को लगातार अवगत कराया।



नाला जेडएसटी धर्म कांटे से पेट्रोल पम्प की ओर जाता है, जिससे बीएसएनएल टावर के आस पास हाइवे के सर्विस रोड पर पिछले एक दशक से जल भराव होने के कारण नगरवासियों व राहगीरो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चेयरमैन मोहम्मद याकूब के लगातार प्रयासों से नगर खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है। नगर के लिये यह एक बड़ी सफलता है, बताया जाता है कि एनएचएआई द्वारा नाला निर्माण करने के बाद से ही नाले का बहाव सही न होने के कारण जल भराव से नगर को जूझना पड़ रहा था, लेकिन चेयरमैन मोहम्मद याकूब की कड़ी मेहनत व लगन से यह संभव हो पाया है। नाले का पुननिर्माण कराया जा रहा है, जिससे नगरवासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

# कृषि सूचना तंत्र कृषक जागरूक योजना का आयोजन

**कुंदरकी।** गुरुवार को विकासखंड कुंदरकी परिसर में कृषि सूचना तंत्र कृषक जागरूक योजना अंतर्गत योजना अंतर्गत कृषक गोष्टी एवं कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चौधरी कर्मवीर सिंह प्रगतिशील कृषक की अध्यक्षता में आज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और पशुपालन विभाग से डॉक्टर माथुर द्वारा पशुपालन विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई लघु सिंचाई विभाग से जेई जूनियर अभियंता श्री अजय कुमार द्वारा लघु सिंचाई विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं कृषि विज्ञान केंद्र बिलारी से आए वैज्ञानिक डॉक्टर मनोज कुमार सिंह द्वारा गेहूं की फसल की विस्तृत जानकारी दी गई इसी क्रम में बीज




गोदाम प्रभारी द्वारा बीज गोदाम पर उपस्थित कृषि निवेश एवं बीजों की जानकारी किसने को दी गई इसमें के पर सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई अनिल कुमार प्राविधिक सहायक द्वारा मसूर की खेती के विषय में किसानों से चर्चा की वही सचिन कुमार प्राविधिक सहायक द्वारा किसानों को फार्म रजिस्ट्री किसान सम्मन निधि एवं फैमिली आईडी के लिए किसानों को जागरूककिया वही वही अपर जिला कृषि अधिकारी श्री अमित सिंह द्वारा किसनो की समस्या को सुना इस मौके पर इस मौके पर कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे त्रिलोक प्रकाश विनय शर्मा दीपांशु शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग को बेचने के मामले में सगी बहन और बहनोई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नाबालिग किशोरी को बेचने के मामले में तहरीर के बाद सगी बहन और बहनोई के अलावा कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी।

स्योड़ारा गांव के दामोदर पुत्र हजारी पासी ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी बहन मालती की शादी मल्लपुर सिधारी गांव में हुई थी। उसकी ऐबहन और बहनोई जगत सिंह भांजा रामगा. पाल व उसकी पत्नी सुनीता हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं। 5 महीने पहले बहन बहनोई ने मकान बनाने के लिए उसे हिमाचल प्रदेश में बुलाया। इसके बाद वह अपनी पत्नी सुनीता नाबालिक बेटी 15 वर्षीय बेटी कुसुम के साथ बहन के घर मकान बनाने चला गया। 28 अगस्त को गांव को वह वापस आ गए।

तब उसकी नाबालिग 15 साल की बेटी को वह अपने साथ ले आए और कहा कि उसे स्योड़ारा में छोड़ देंगे। मगर उन लोगों ने उसे स्योड़ारा में ना छोड़कर बिलारी में अज्ञात स्थान पर रखा और उसकी बेटी को बेच दिया। जब से वह बेटी की तलाश में भटक रहा है।

इस मामले को लेकर सीएम पोर्टल पर शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने सभी पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

# घर के दरवाजे से बाइक चोरी: सीसीटीवी में कैद हुआ चोर



**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर में मंगलवार देर रात बाइक चोरी की वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। जानकारी के मुता. बिक, डींगरपुर निवासी वसीम पुत्र मुस्लिम अपनी मोटरसाइकिल को रोजाना की तरह घर के दरवाजे पर खड़ा करके सो गए थे। लेकिन देर रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही मिनटों में मोटरसाइकिल का लॉक खोलकर उसे लेकर फरार हो गया। चोरी की ये पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी बड़ी सफाई से मोटरसाइकिल चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित वसीम ने बताया कि सुबह उठकर जब उसने बाइक गायब देखी तो आस-पास काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। चोरी की सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस आरोपी की पहचान में जुट गई है। वहीं क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में नारा. जगी भी देखने को मिल रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और चोर की तलाश में जुट गई है।

# टिमिट में फ्रेशर पार्टी का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) में बी.कॉम और एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी बी.कॉम और एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने किया। प्रो. जैन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग, कर्मठता, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व से अवगत कराया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। हास्य-नाटक, नृत्य, गीत-संगीत, आकर्षक रैम्प-वॉक सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मंच संचालन का दायित्व बी.कॉम और एमबीए के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सफलतापूर्वक निभाया। निर्णायक




मंडल द्वारा एमबीए प्रथम वर्ष के लिए मिस फ्रेशर का खिताब दिव्यांशी और मिस्टर फ्रेशर का खिताब आरजव को प्रदान किया गया। इसके अलावा मिस ऐटायर खुशी, मिस्टर ऐटायर अंश, मिस वर्सेटाइल कश्वी तथा मिस्टर वर्सेटाइल हर्ष को चुना गया।बी. कॉम की ओर से मिस्टर फ्रेशर सात्विक माहेश्वरी, मिस फ्रेशर दृ हरमनप्रीत कौर, मिस्टर हैंडसम आदित्य पंत, मिस गॉर्जियस रिया राजपूत, मिस्टर परफेक्ट निखिल के.आर. सिंह तथा मिस परफेक्ट प्रियांशी सिंह के रूप में चयन किया गया। इसके अलावा कुछ अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने मंच पर अपनी रचनात्मकता और व्यक्तित्व से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन ने कहा कि फ्रेशर पार्टी केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग को बढ़ाने का अवसर भी है। उन्होंने सभी नवागंत. ुकों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने, कड़ी मेहनत करने और विश्वविद्यालय के संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 1989 अनुक्रमांक 1230606 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **राहत हुसैन पुत्र मुबारक हुसैन निवासी रहमत नगर गली नंबर-1 करुला निकट मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज मुरादाबाद। मोबाइल नंबर 9358180892**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र चिराग आनन्द व पुत्रवधू श्रीमती काजल चौधरी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **संजय आनन्द पुत्र चुन्नी लाल आनन्द निवासी रेलवे हरथला कालौनी थाना सिविल लाईन तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट नम्बर-1, महोदय, मुरादाबाद।**
**दण्ड निगरानी सं०:** 297 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 18.12.2025
**सिफातुन नबी बनाम यू०पी० स्टेट आदि।**
**बनामजी बहुकुम अदालत श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या ०1, मुरादाबाद।**
**अपील वजीरया:** 26.07.2023
**वमुकदमा परिवाद संख्या :** 56767
श्रीमति शाईस्तानूर पत्नी श्री नूरउन नबी खां मरहूम निवासी हाल सुपरटेक प्लाजा स्ट 99/103 राजेन्द्र कुमार सेक्टर-5 साहिबाबाद थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद।
मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दर्जा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 18.12.2025 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आपकी तरफ से अपील हाजा में बचाव व सवाल करने का मजाज हाजिर आयेगा तो उसको समाजत और तनवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी।
आज बतारीख 01 माह 12 सन् 2025 ई० मेरे दस्तखत और हर अदालत से जारी किया गया।
**प्रबंधक**
**प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद।**

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महानगर में हुआ भव्य समारोह, 1055 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से आए 1055 जोड़ों ने वैदिक एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार संपन्न किए। प्रशासन और सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और सरल विवाह की उत्कृष्ट मिसाल बनकर उभरा। समारोह में भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाएँ और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम स्थल को आकर्षक फूलों, रंगीन झालरों और विशेष सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। विवाह संस्कारों का संचालन पंडितों और मौलवियों द्वारा क्रमशः हिंदू एवं मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया। सभी जोड़ों के लिए विवाह पोशाक, भोजन, मण्डप, संगीत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सरकार द्वारा मुहैया कराई गईं, जिससे प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत लेकर आती है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक दंपती को आर्थिक सहायता राशि,



उपहार सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुओं का पैक प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सहजता से कर सकें। इस वर्ष भी सभी जोड़ों को शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण अनुदान और आवश्यक सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक बोझ को कम करती है, बल्कि समाज में दहेज प्रथा, फिजूलखर्ची और अनावश्यक तड़क-भड़क वाले आयोजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रभावी साबित हो रही है। उन्होंने इसे सामाजिक एकता, सद्भाव और सहयोग की मजबूत कड़ी बताया।नवविवाहित जोड़ों और उनके परिवारों ने सरकार व प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएँ वास्तव में जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा हैं। समारोह की सुचारु व्यवस्था और गरिमामय माहौल के कारण यह आयोजन देर शाम तक उत्सव की तरह चलता रहा और जिले में खुशी का वातावरण छाया रहा।

# 15वें वित्त आयोग से संभल जिले के नगर निकायों को 18 करोड़ से अधिक की धनराशि

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश की सभी नगरपालिकाओं व नगर पंचायतों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय, पिंक शौचालय एवं सड़कों के निर्माण को गति देने हेतु 15वें वित्त आयोग की संस्तुति के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम किस्त से कराए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने सभी निकायों को बोर्ड बैठक आयोजित कर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य प्रस्तावित करने को कहा है। जनपद संभल की नगरपालिकाओं व नगर पंचायतों को 15वें वित्त आयोग से कुल 183964577 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई जिसे टाइड ग्राण्ट व अनटाइड ग्राण्ट में वर्गीकृत किया गया। बता दें कि संभल को 86403179 रुपये, चन्दौसी नगरपालिका को 44910374 रुपये, बहजोई नगरपालिका को 15028544 रुपये, नगर पंचायत सिरसी को 10179685 रुपये, नगर पंचायत गुन्नौर को 9332595 रुपये, नगर पंचायत नरौली को 7054215 रुपये, नगर पंचायत बबराला को 7331710 रुपये और नगर पंचायत गवां को 3724275 रुपये शामिल हैं। यह धनराशि बुनियादी अनुदान श्रेणी के अनुसार निर्माण कार्यों व उनके रखरखाव पर व्यय की जाएगी, साथ ही सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास निर्माण कार्यों के प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराएँ।

## एक नजर

### डींगरपुर में दुकान से चोरी, सीसी टीवी में कैद हुई नाबालिग की करतूत



**कुन्दरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर में चावल की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। घटना 1 दिसंबर की रात की बताई जा रही है, जब अज्ञात चोर ने दुकान के गल्ले का खोलकर उसमे रखे रुपये पार कर दिए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे ने पूरी वारदात रिकॉर्ड कर ली, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति नाबालिग प्रतीत हो रहा है। पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर चोरी होने से स्थानीय लोग आश्चर्य और नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

### सच्चा दानी अभिमानी नहीं होता है: बृजेश पाठक



**बिलारी।** कुमार कार्तिकेय सभागार में आयोजित सप्त दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा जो व्यक्ति सामने वाले को दीन हीन समझ कर दान देता है वह दान नहीं करता है बल्कि वह तो सामने वाले के मन में दीनता और अपने मन में अभिमान बढ़ाता है ऐसा व्यक्ति सच्चा दानी नहीं है ,सच्चा दानी तो दान लेने वाले के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है कि सामने वाले ने हमारा दान स्वीकार करके हमें दान देने का गौरव प्रदान किया है !अगर सामने वाला लेने से इनकार कर दे तो हम क्या कर सकते हैं! यह तो सामने वाले की उदारता है जो हमारी वस्तु स्वीकार करके हमें दान देने का सौभाग्य प्रदान करता है !रामायण में ऐसा ही भाव प्रभु राम ने ..विभीषण जी के समक्ष प्रकट किया उन्होंने कहा विभीषण तुम्हें तो लंका की जरूरत नहीं है।

,लेकिन मेरे बारे में लोगों ने मशहूर कर दिया है की जो भी व्यक्ति मेरी शरण में आता है वह खाली हाथ नहीं जाता है ,कुछ ना कुछ जरूर पाता है अगर मैं तुम्हें लंका नहीं दूंगा तो मेरी कीर्ति नष्ट हो जाएगी। मेरी कीर्ति बचाने के लिए मेरा मान और प्रतिष्ठा बचाने के लिए तुम लंका का राज्य स्वीकार कर लो इसमें उदारता तुम्हारी होगी मेरी नहीं। दान का सच्चा स्वरूप यही है जिसमें व्यक्ति अपने मन में अभिमान नहीं रखता बल्कि दान लेने वाले के प्रति सम्मान प्रकट करता है। हमारे धर्म शास्त्रों में लिखा हुआ है अभिमान और अनादर पूर्वक जो व्यक्ति दान करता है वह नरक में जाता है। दान तो श्रद्धा और सम्मान के साथ ही करना चाहिए तभी दान की सार्थकता है। आज कथा में याद को मार डूडेजा, सुरेंद्र चुग सुधीर कुमार गुप्ता प्रदीप शर्मा अनिल कुमार गुप्ता राजीव शर्मा प्रदीप कुमार गुप्ता अखिलेश कुमार शर्मा दीप गुप्ता आदि रहे।

### राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेता छात्रों को किया सम्मानित



**ठाकुरद्वारा।** संघटक राजकीय महाविद्यालय द्वारा नगर के शिव सेट जोसेफ इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञानप्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रजनीश प्रताप सिंह व प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती देवी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के 70 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया । जिसमें प्रथम पुरस्कार कुमारी विधि, कुमारी खुशी चौहान,कुमारी ईसीका, को संयुक्त रूप से दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकारों से संबंधित विषयों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अतिथियों ने छात्रों को जीवन में अनुशासन, सेवा भाव और जागरूकता के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यक्रम में विजयी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय विद्यालय के प्रोफेसर डॉ. गौरव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में डॉ. उमेश कुमार व विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को, जनपद के 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**ठाकुरद्वारा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कालेवाला (ठाकुरद्वारा) द्वारा जनपद में आयोजित होने वाली नवोदय विद्यालय चयन परीक्षादृ2026 के संबंध में सूचना जारी की गई है।

विद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों, अभिभावकों तथा स्थानीय जनता से अपील की है कि वे निर्धारित समय व केंद्रों पर परीक्षा की पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हों। विद्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी। किसान इंटर कॉलेज, जाईपुर हरदोई,सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज, ठाकुरद्वारा, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, कांठ,विद्याभूषण इंटर कॉलेज, सिरसाली हरदत्तपुर भगतपुर टांडा, त्रिवेणी इंटर कॉलेज, मुरादाबाद, पी.एच.पी. राजकीय इंटर कॉलेज, मुकेश पांडेय, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज, हरिया खंड, कुंदरकी, जे.पी.एम. इंटर कॉलेज, कुंदरकी , रामजीलाल राय इंटर कॉलेज, बिलारी राजकुमार इंटर कॉलेज, बिलारीदृपीएचपी राजकीय इंटर कॉलेज, नगल्या जट, बिलारी ,विद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपना प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएँ तथा परीक्षा से संबंधित पूरी जानकारी वेबसाइट पर भीदेख सकतेहैं उक्त जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला के प्राचार्य संतोष गौड ने दी।

# सीओ व अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**चन्दौसी।** पिछले वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा की मौजूदगी में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर उनके स्थानांतरण के बाद खत्म हो गया था और दुकानदारों ने पुनः मुख्य बाजार, घंटाघर, बैंक रोड, बड़ा बाजार, ब्रह्म बाजार, जारई रोड व शक्तिनगर में अतिक्रमण फैलाना शुरू कर दिया, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। दैनिक समाचार पत्र शाहटाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने पुलिस व नगरपालिका टीम के साथ बैठक कर गुरुवार दोपहर 2 बजे फव्वारा चौक से बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान, एसएफसी प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, नरेश कुमार, आशीष शर्मा सहित अन्य की मौजूदगी में दुकानों के बाहर बने अवैध स्लैब तोड़े गए और पकौड़ी विक्रेता सहित कई दुकानदारों से लगभग 17,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने अपने शटर गिरा लिए, जबकि पवन साड़ीज, पूर्णागिरी पान भंडार सहित अन्य स्थानों पर बहसबाजी भी हुई, लेकिन नगरपालिका टीम ने अतिक्रमण हटवाया। अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी दी कि जिन्होंने पुनः अतिक्रमण किया है वे इसे स्वयं हटा लें, अन्यथा बुल्डोजर से कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि अतिक्रमण और ई-रिक्शा, ठेले-खोमचे वालों के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनती है, इसलिए किसी भी हालत में सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंडिविजुअल लर्निंग वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल (ओईएलएमएस) एवं इंडस्ट्री-एकेडेमिया इंटीग्रेशन एंड स्किल डेवलपमेंट सेल (आईएआईएसडी) तथा स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के संयुक्त तत्वावधान में "इंडिविजुअल लर्निंग वर्कशॉप (आईएलडब्ल्यू) अवेयरनेस" ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। वर्कशॉप की मुख्य वक्ता व स्पोकन ट्यूटोरियल की ट्रेनिंग मैनेजर श्रीमती रेनू सिंह ने स्पोकन ट्यूटोरियल प्लेटफॉर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों के लिए विविध तकनीकी कोर्सों को ऑनलाइन सीखने और प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को कोर्स सामग्री डाउनलोड करने से लेकर प्रमाणपत्र प्राप्त करने तक की समूची प्रक्रिया का विस्तृत परिचय दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती सिंह ने विशेष रूप से इंडिविजुअल लर्निंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया तथा आईएफटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध इंटर्नशिप प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की, जिससे छात्रों को भविष्य में प्राप्त होने वाले अवसरों की स्पष्ट दिशा प्राप्त हुई।

इस मौके पर स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने बताया कि स्पोकन ट्यूटोरियल एक राष्ट्रीय स्तर की ई-लर्निंग पहल है जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे द्वारा विकसित और संचालित किया जाता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी रही, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को




ऑनलाइन शिक्षण और कौशल विकास के नए आयामों की गहन जानकारी प्राप्त कीं। वहीं आईएआईएसडी सेल के चेयरमैन एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की डिमांड के अनुरूप तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंच सकें। ओईएलएमएस सेल के कोऑर्डिनेटर श्री के.के. बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सही समय पर सही दिशा देने की आवश्यकता है। कार्यशाला का संचालन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स से डॉ. ललित जौहरी द्वारा किया गया।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों के अलावा कई विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 10 मामलों की सुनवाई, एक परिवार पुनः मिलाया गया

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य दंपतियों के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों का समाधान संवाद, व्यवहारिक परामर्श, भावनात्मक समझ तथा विधिक मार्गदर्शन के माध्यम से सौहार्दपूर्ण माहौल में सुनिश्चित करना रहा। बैठक में कुल 10 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 01 परिवार को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया। शेष प्रकरणों पर नियमानुसार आगे की परामर्श कार्यवाही जारी रहेगी। परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की प्राथमिकता परिवारों को न्यायसंगत, संतुलित और सकारात्मक समाधान उपलब्ध



कराना है, ताकि छोटे मतभेद गंभीर विवादों का रूप न लें। काउंसलिंग सत्र में समाजसेवी अमन खुराना, काउंसलर श्वेता गुप्ता एवं पूनम अरोरा सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं। परामर्श प्रक्रिया में सब-इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कॉन्स्टेबल रुचि, पीसी सुधारानी सहित अन्य पुलिस कर्मियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# नगर में फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा को याद कर रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लगभग एक वर्ष पूर्व तत्कालीन उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा के कठोर परिश्रम और सख्त कार्यशैली का परिणाम था कि शक्तिनगर से लेकर बदायूं चुंगी तथा तहसील चौराहे तक दुकानदारों द्वारा किया गया स्थायी अतिक्रमण हटाया गया था। बदायूं चुंगी की सड़कों को चौड़ा कर यातायात सुगम बनाया गया था और पावर हाउस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण भी साफ किया गया था, जिसके कारण उस समय वहाँ जाम की समस्या लगभग समाप्त हो गई थी। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण कार्य 35ए फाटक के पास कब्रिस्तान और पेट्रोल पंप के अतिक्रमण को हटाकर सड़क को चौड़ा करना रहा, जिसने शहर को यह संदेश दिया कि कठोर इच्छाशक्ति से अतिक्रमण पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण के बाद अभियान धीमा पड़ गया और अतिक्रमण फिर बढ़ने लगा। काफी समय बाद गुरुवार को जब नगरपालिका और पुलिस प्रशासन ने पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया तो बाजार में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान लोगों की जुबान पर सबसे



ज्यादा नाम पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा का ही सुनाई दिया, जिन्हें नागरिक आज भी उनकी कड़ी कार्यशैली और शहर को व्यवस्थित बनाने के प्रयासों के लिए याद करते हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कंपोजिट विद्यालय नगला पूर्वा में एसआईआर कार्य पूर्ण

**चन्दौसी।** कंपोजिट विद्यालय नगला पूर्वा में प्रधानाचार्या पुष्पा रानी द्वारा बूथ संख्या 224 व 225 के एसआईआर कार्य को निर्धारित समय में 100 प्रतिशत पूर्ण कराने पर स्टाफ तथा सहयोगियों को सम्मानित किया गया। एसआईआर कार्य 03 नवम्बर 2025 को पूर्ण कर लिया गया था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता बाबू खान द्वारा भी सहयोग किया गया। बूथ संख्या 224 एवं 225 पर एसआईआर कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने पर मिठाई भी वितरित की गई। प्रधानाचार्या पुष्पा रानी, मोहम्मद नाजिम, बबीता यादव, अंजुम फातमा, मोहम्मद शकील, सहुद कुलसुम, शाहाना बी, समीना (पंचायत सहायक) एवं अन्य सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया।

# शाह टाइम्स कार्यालय से दो बैट्रे चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सुरजनगर मार्ग पर ब्लॉक कार्यालय के निकट शाह टाइम्स/ एक्टिव प्रेस क्लब के कैंप कार्यालय पर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो बैट्रे चोरी कर लिये। शाह टाइम्स पत्रकार सतीश चौधरी ने चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का खुलासा करने के लिए जांच शुरू कर दी है। बतादें कि नगर में नशे के बढ़ते कारोबार से युवा पीढ़ी नशे की आदी होती जा रही है। नशे की खुराक को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी चोर की घटनाओ को बिना किस खौफ के अंजाम दे रहे। रात्रि में पुलिस गश्त में कमी होने और सर्दी का फायदा उठाकर अज्ञात चोर चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। बीती रात अज्ञात चोरों ने ब्लॉक कार्यालय पर बने शाह टाइम्स कार्यालय/ एक्टिव प्रेस क्लब कार्यालय के ताले तोड़ कर उसमे रोशनी के लिए दो बैट्रे चोरी कर फरार हो गए। अज्ञात चोर एक लोई छोड़कर फरार हो गए। बृहस्पतिवार को देर शाम जब अपने कार्यालय पर अखबार के लिए खबर बनाने के लिए रोशनी करने के लिए इवेटर खोलने के लिए गए तो पता चला कि अज्ञात चोर दोनो बैट्रे चोरी कर ले गए। कार्यालय पर चोरी की सूचना अन्य साथी पत्रकार बसीम कुरैशी, शमशेर मलिक, अतीक उर्फ बिटटू खान, एक्टिव प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नईम खान राजा, दीपेश शर्मा को दी। सूचना पर पाकर सभी पत्रकार साथ कैंप कार्यालय पर पहुंचें। इनसे पहले कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी गई, लेकिन 200 मीटर की दूरी कोतवाली पुलिस करीब 1 घंटा देरी से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार , वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह भारी पुलिस के बल के साथ नगर मे गश्त करते हुए मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने मौके पर जांच की और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा करने का आश्वासन देते हुए चोरी का माल खरीदने और चोरी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना
हमने अपने पुत्र शाने आलम व पुत्रवधू श्रीमती फूल जहां को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। तौफीक हुसैन पुत्र जरीफ हुसैन व श्रीमती नसरीन पत्नी तौफीक हुसैन निवासीगण अहमदनगर जैतवाडा थाना कुंदरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना
हमने अपने पुत्र दिलीप कुमार शर्मा पुत्र प्रवेंद्र शर्मा एवं पुत्रवधू श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी दिलीप कुमार शर्मा निवासीगण शिव विहार कॉलोनी पीतल नगरी थाना कटघर, मुरादाबाद को गलत संगत में पडने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। दिनांक 28.11.2025 के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।
**प्रवेंद्र शर्मा पुत्र उमेश चंद्र शर्मा व संतोष शर्मा पत्नी प्रवेंद्र शर्मा निवासीगण शिव विहार कॉलोनी पीतल नगरी थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# कृषि विज्ञान गोष्ठी में किसानों को दी गई गेहूं की उन्नत बुवाई व रोग प्रबंधन की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक परिसर में ब्लॉक स्तरीय कृषि गोष्ठी आयोजित की गई । गुरुवार को आयोजित गोष्ठी का शुभारंभविषय वस्तु विशेषज्ञ रामगोपाल सिंह ने किया । विज्ञान गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि उद्यान विभाग वैज्ञानिक डॉ शिव शंकर वर्मा सेवानिवृत्ति किसी विशेषज्ञ महाराज सिंह यादव मुनेश कुमार आदि वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को गेहूं की बुवाई के आधुनिक तरीकों, उचित खाद एवं बीज की मात्रा तथा फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि इस बार गेहूं की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों का चयन और बीज का शोधन अत्यंत आवश्यक है, जिससे फसल रोगों से सुरक्षित रहती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। वैज्ञानिकों ने किसानों को समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा खेत की नमी बनाए रखने के टिप्स भी दिए। कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं में लगने वाली प्रमुख बीमारियों कृ करनाल बंट, झुलसा रोग, दीमक




व कीट प्रकोप कृ की पहचान और उनके प्रभावी उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीजों को बुवाई से पहले ट्राइकोडर्मा या अन्य अनुशंसित दवाओं से उपचारित करना अनिवार्य है। साथ ही रोग दिखने पर समय से छिड़काव कर फसल को बचाया जा सकता है। किसानों को बताया गया कि एक बीघा गेहूं के लिए 35-40 किलोग्राम बीज तथा खाद के रूप में डीएपी, पोटाश व यूरिया की संतुलित मात्रा का उपयोग उत्पादन को दोगुना कर सकता है।

वैज्ञानिकों ने ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के लाभों पर भी प्रकाश डाला, जिससे पानी की बचत के साथ बेहतर उत्पादन संभव है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को अनुदान पर बीज, खाद व उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों को सलाह दी गई कि वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी फसल उत्पादन क्षमता बढ़ाएँ। गोष्ठी के अंत में किसानों की समस्याएं सुनी गईं और विशेषज्ञों ने खेत संबंधी चुनौतियों का समाधान देने के साथ किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर अधिक लाभ अर्जित करें।



# टॉस-ओस की मैच में अहम भूमिका रही

## गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती है उससे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है

**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में 358 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाने के कुछ ही देर बाद भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि ओस से प्रभावित इन मैचों में टॉस 'बहुत बड़ी भूमिका निभाती है', जिससे बहुत ज्यादा फर्क पड़ता है।

यह लगातार 20वां वनडे था, जहां भारत ने टॉस हारा हो। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी चुनी और चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। प्रेजेंटेशन सेरमनी में ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए राहुल ने कहा कि बहुत ज्यादा ओस है, जिससे दूसरी पारी में गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। पिछले मैच में हमने इन सबके बावजूद बहुत अच्छा किया था। गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती हैं, उससे मुझे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। इसलिए लगातार दो टॉस हारने का मुझे खुद अफसोस हो रहा है। इसका वाकई बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। राहुल ने कहा कि पीछे मुड़कर देखें तो हमेशा कुछ बातें होती हैं, जो हम बेहतर कर सकते थे। बल्लेबाजी में मुझे पता है कि 350 रन अच्छे लगते हैं, लेकिन पिछले मैच के बाद भी ड्रेसिंग रूम में यही चर्चा थी कि हम 20-25 रन और कैसे जोड़ सकते हैं, ताकि गीली गेंद से गेंदबाजी करते समय गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि गेंदबाज दिल से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हमें सुधार की जरूरत है। फील्डिग में भी हमने कुछ आसान चौके दे दिए। अगर हम खेल के तीनों पहलुओं में कसावट ला सकें और थोड़ा और ते बन सकें, तो शायद वो 20-25 रन हमारे पक्ष में आ जाएं और हम शायद जीत-हार के दूसरी तरफ हों। भारत ने विराट कोहली और )तुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत बड़ा स्कोर बनाया। यह 11वीं बार था, जब कोहली ने लगातार दो वनडे मैचों में शतक लगाया हो, जबकि गायकवाड़ का यह इस प्रारूप में पहला शतक था। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 गेंदों में 195 रन की साझेदारी की।

राहुल ने कहा कि विराट जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखना बहुत सुंदर था। जाहिर है, हमने उन्हें यह सब करते हुए अब 53 बार देखा है। वह अपना काम करते रहते हैं और हम सब इसे देखने के आदी हैं। ऋतु (गायकवाड़) जिस तरह से खेले, वह भी देखने में बहुत सुखद था। उन्होंने स्पिनरों पर आक्रमण किया और गैप में शॉट लगाए। जब उन्होंने पचासा पार किया, उसके बाद जिस लय में उन्होंने बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि वही हमें वह अतिरिक्त 20 रन दिला गए। इस मजबूत आधार के बावजूद भारत अंत में तेजी से रन नहीं बना सका। अंतिम 15 ओवर में आठ विकेट हाथ में रहते हुए भी केवल 103 रन बने, जबकि आखिरी दस ओवर में सिर्फ 74 रन बने। राहुल ने टीम शीट में टॉस के समय नंबर 6 पर नाम दर्ज होने के बाद नंबर 5 पर उतरकर 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आक्रामक पारी खेली। वाशिगटन सुंदर ने आठ गेंदों में एक रन बनाया, जबकि रवींद्र जाडेजा ने 27 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए, जिसमें केवल दो चौके शामिल थे। राहुल ने कहा कि जाहिर है 5-6-7 नंबर पर बल्लेबाजी को बेहतर किया जा सकता है। अगर निचला क्रम थोड़ा और योगदान दे सके और दो-तीन चौके और लगा सके, तो शायद वही 20 रन होते, जिनसे हम खुश होते। आज पहली बार मुझे नंबर 6 पर रखा गया और मैं नंबर 5 पर आया।

## ब्रेसिस के पास हर गेंद पर छक्के मारने के ऑप्शन हैं: स्टेन



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की कला का विश्लेषण किया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे चार विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रेविस ने 34 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 54 रन की मोमेंटम बदलने वाली पारी खेली। जियोस्टार एक्सपर्ट डेल स्टेन ने डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की काबिलियत का अंदाजा लगाया कि ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की काबिलियत के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं, उनके अंडर-19 के दिनों से भी। मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें पूरे मैदान में गेंद मारते हुए देखता था। अब हम इसे सबसे ऊंचे लेवल पर देखने लगे हैं। उनमें वह काबिलियत है, और बैट्समैन अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें रोप को पार करने का कॉन्फिडेंस है, स्लॉग से नहीं बल्कि अच्छे क्रिकेट शॉट्स से। स्टेन ने कहा कि वे इसी तरह ट्रेनिग करते हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### एफईआई एशियन घुड़सवारी में आशीष ने जीता सोना

**पटाया, वार्ता।** भारत ने थाईलैंड के पटाया में एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक पांच मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। भारतीय राइडर्स ने इवेंटिग और ड्रेसेज प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी। आशीष लिमाए ने इवेंटिग में इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीतकर टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने शशांक सिंह व शशांक कनमुरी के साथ मिलकर इसी डिसिप्लिन में भारत को टीम सिल्वर दिलाने में भी मदद की। आशीष ने साई मीडिया से कहा कि यह हमारे लिए बहुत इमोशनल जीत थी क्योंकि पिछले एशियन गेम्स हमारे लिए अच्छे नहीं रहे थे। इसलिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी वापसी जैसा एहसास था और एक बड़ी राहत थी।

### भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम जर्मनी से 3-1 से हारी

**सैंटियागो (चिली), वार्ता।** महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के अपने दूसरे पूल सी मुकाबले में भारत को जर्मनी के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला टीम की ओर से एकमात्र गोल हिना बानो ने (58वें) मिनट में किया। जबकि जर्मनी के लिए लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट, एनिका शॉनहॉफ ने (52वें) मिनट और मार्टिना रीसेनेगर ने (59वें) मिनट में गोल किए। जर्मनी ने मैदान में ऊपर से दबाव बनाते हुए, शुरुआती मौकों पर भारत को बैकफुट पर धकेला और पांचवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट में बिना कोई गलती गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। शुरुआती झटके के बावजूद, भारत धीरे-धीरे अपनी लय में आ गया और अपने मौके बनाने लगा।

# टॉम लेथम-रचिन रविंद्र के शतक न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

- **टॉम लेथम ने 145 और रचिन रवींद्र ने 176 रनों की शानदार पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (145) और रचिन रविंद्र (176) की शतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में स्टंप्स के समय चार विकेट पर 417 रन बना लिए है और उसने कुल 481 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

सुबह यहां न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में कल के बिना कोई विकेट खोए 32 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड को पहला झटका ओजय शील्ड्स ने 27वें ओवर में डेवोन कॉन्वे (37) को आउटकर दिया। इसके बाद 33वें ओवर में केमार रोच ने केन विलियमसन (नौ) का शिकार कर लिया। उस समय टीम का स्कोर 100 रन था, ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए रचिन रविंद्र ने टॉम लेथम के साथ



तीसरे विकेट के लिए 279 रनों की विशाल साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज कें गेंदबाजों की खूब खबर ली और अपने-अपने शतक पूरे किए। 88वें ओवर में केमार रोच ने टॉम लेथम को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टॉम लेथम ने 250 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 145 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले ओजय शील्ड्स ने दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र को बोल्डकर वेस्टइंडीज को चौथी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 185 गेंदों में 27 चौके और एक छक्का लगाते हुए (176) रन बनाए। स्टंप्स के समय न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में चार विकेट पर पर 417 रन बना लिए थे। विल यंग (नाबाद 21) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद छह) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच और ओजय शील्ड्स ने दो-दो विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 231 रन बनाए थे इसके बाद वेस्टइंडीज पहली पारी में 167 रन पर ढ़ेर हो गई थी।

# नंबर-4 पर बल्लेबाजी से आश्वस्त था: ऋतुराज



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक बनाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि 50 ओवर के क्रिकेट में कभी नंबर 4 पर बल्लेबाजी नहीं करने के बावजूद वह काघी आश्वस्त थे कि वह उस स्थान पर ढल जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के घ्लिाफ सीरीज से पहले लिस्ट ए की 86 पारियों में ऋतुराज ने नंबर 3 से नीचे बल्लेबाजी नहीं की थी। रांची में 14 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट होने के बाद रायपुर के दूसरे वनडे में बुधवार को गायकवाड़ ने 83 गेंदों में 105 रनों की शतकीय पारी खेली और बताया कि यह उनकी अभी तक की हर फॉर्मेट की सर्वश्रेष्ठ पारी है। गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा कि टीम प्रबंधन ने मुझे बताया था कि मैं नंबर 4 पर ही बल्लेबाजी करने वाला हूं। एक ओपनर होने के बावघ्ूद प्रबंधन का इस तरह से मेरे ऊपर भरोसा दिखाना बघ्े ही सौभाग्य की बात है। गायकवाड़ ने कहा कि वनडे फॉर्मेट में अगर मैं ओपनिग के लिए भी आता हूं तो मेरी कोशिश रहती है कि मैं 45वें ओवर तक टिका रहूं। इसलिए मुझे पता है कि 11 से 40 ओवर के बीच कैसे खेलना है, स्ट्राइक कैसे रोटेट करनी है और बाउंड्री के क्या विकल्प हैं। इसलिए मुझे विश्वास था कि मुझे अपनी पारी कैसे आगे ले जानी है। मुझे सिर्घ शुरू की 10-15 गेंदें देखनी थी कि मैं कैसे खेलता हूं और उसके बाद की प्रक्रिया उसी तरह से रही। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरी को. शिश थी कि अगर मैं टिकता हूं तो एक लंबी पारी खेल सकूं। गायकवाड़ ने कोहली के साथ 195 रनों की साझेदारी निभाई, जिन्होंने लगातार दो मैचों में अपना दूसरा शतक लगाया। इस साझेदारी के बारे में पूछने के बाद गायकवाड़ ने बताया कि यह एक सपने की तरह था। गायकवाड़ ने कहा कि मैं पिछले एक हघ्ते से उन्हें देख रहा हूं। जितने भी अभ्यास सत्र हुए हैं, उसमें वह शानदार बल्लेबाघी कर रहे हैं। जिस तरह से वह मैच में भी अपनी पारी को बनाते हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है। इस मैच में भी मुझे काफी मजा आया। मैं अपने फोन में रहना चाहता था और वह किसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, इसके बारे में नहीं सोच रहा था। हमारे बीच बातचीत काफी स्पष्ट थी। हमने 5-5, 10-10 रन का टारगेट बनाया था और कैसे गैप निकालकर बाउंड्री निकालनी है, कैसे स्ट्राइक रोटेट करनी है, ए सब विचार-विमर्श किया था। मेरे हिसाब से हमारी विकेट के बीच दौघ् काघी अच्छी थी। आप इस तरह के लम्हों को लेकर सपना देखते हैं और इस तरह की साझेदारी निभाकर मुझे काफी अच्छा लगा। इस सीरीज से पहले गायकवाड़ ने 2023 में भारत के लिए वनडे खेला था। उसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल के लगातार ओपनिग करने के कारण गायकवाड़ पीछे रह गए। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल को भी उनके ऊपर प्राथमिकता दी गई।

# शिटोमन ने 110 मी. हर्डल्स का रिकॉर्ड तोड़ा

- **जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी सफलताओं को साबित किया**

**जयपुर, वार्ता।** जब सीबी शिटोमन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुषों के 110मी हर्डल्स फाइनल के लिए लाइन में खड़े हुए, तो स्टैंड में बैठे कुछ ही लोगों ने अंदाजा लगाया होगा कि वह एथलेटिक्स में कितनी देर से आए हैं या उनका सफर कितना मुश्किल रहा है। 2021 तक, उन्होंने कभी सिथेटिक ट्रैक पर कदम नहीं रखा था। उनकी जदिगी पढ़ाई, लोकल स्कूल फुटबॉल मैचों और केरल के इडुक्की जलि के एराट्टायर गांव के पास इलायची के बागानों में छुट्टियों के दौरान कभी-कभी मजदूरी करने के इर्द-गिर्द घूमती थी। लेकिन एक फुटबॉल गेम के दौरान एक मौके ने सब कुछ बदल दिया। केरल स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी के कोच बैजू जोसेफ ने उनके मजबूत शरीर और जबरदस्त फिजिकल पोटेंशियल को देखा। यह यकीन होने पर कि यह युवा एथलेटिक्स के लिए ही बना है, बैजू ने उन्हें 400मी और हाई जंप आजमाने के लिए राजी किया। इन प्रयोगों से आखिरकार वह उस इवेंट तक पहुंचे जहां वह सच में फिट बैठते थे, 110मी हर्डल्स। सिर्फ दो सालों में, इस युवा ने जबरदस्त तरक्की की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में, 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी तेजी से बढ़ती सफलता को साबित किया, उन्होंने 14:32 सेकंड में दौड़ पूरी करके महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के लिए गोल्ड जीता। उनकी दौड़ एक रोमांचक फिनिश के साथ खत्म हुई, जिसमें शिवाजी यूनिवर्सिटी के विकास आनंदा (14-516) और विवि ऑफ कालीकट के राहिल (14-518) के बीच सिर्फ कुछ हजारवें सेकंड का फासला था।

# रायपुर में टॉस ने बहुत बड़ा फर्क पैदा किया: गावस्कर



**रायपुर, वार्ता।** विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ की संेचुरी दक्षिण अफ्रीका की जबरदस्त और मिलकर की गई कोशिश के आगे फीकी पड़ गई, और मेहमान टीम ने रायपुर में दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल करके सीरीज बराबर कर ली। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एडेन मार्करम के टेम्परामेंट, गीली गेंद से भारत की चुनौतियों और कोहली की संेचुरी की क्लास का विश्लेषण किया।

गावस्कर ने एडेन मार्करम की पारी के बारे में कहा कि मैं उस पारी को बहुत, बहुत ज्यादा रेट करता हूं। जब भी आप 350 से ज्यादा के टारगेट का पीछा कर रहे होते हैं, तो हमेशा प्रेशर रहता है। आप टीम को अच्छी शुरुआत देना चाहते हैं, शांत नहीं, और आस्किग रेट को कंट्रोल में रखना चाहते हैं। जब उन्होंने शुरुआत की तो रेट सात से थोड़ा ज्यादा था, और आप नहीं चाहते कि यह नौ से ज्यादा बढ़े, खासकर पावरप्ले के पहले 10 ओवर में जब सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। क्विटन डी कॉक, जिनका भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है, के फिर से फेल होने पर, जम्मिेदारी मार्करम पर आ गई। भारत, आईपीएल और दूसरी जगहों पर खेलने के अपने अनुभव के साथ, वह हालात को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने यह जिम्मेदारी खुद पर ली। पिछले मैच में उन्होंने कप्तानी की क्योंकि बावुमा फिट नहीं थे। रायपुर में, उन्होंने कप्तान के साथ मिलकर स्टेबल करने का काम किया। उस समय दक्षिण अफ्रीका को ठीक इसी की जरूरत थी। गावस्कर ने टॉस ने मैच पर असर के बारे में कहा कि यह बहुत जरूरी था। जरा देखिए आउटफील्ड कितनी गीली थी। शायद पहले आधे दर्जन ओवर को छोड़कर, बॉल हमेशा गीली होने वाली थी। इसका असर सिर्फ बॉलर पर ही नहीं बल्कि फील्डर पर भी पड़ता है, आप सही ग्रिप नहीं बना पाते। बॉल साबुन की टिकिया जैसी लगती है। जब आप रन आउट करने के लिए जोरदार रिटर्न करने की कोशिश करते हैं, तब भी वह आपके हाथ से फिसल जाती है। इसीलिए अगर आप इंडियन कंडीशन में टॉस जीतते हैं, तो आप हमेशा पहले बॉलिग करना चाहते हैं, ताकि डिफेंड करते समय आपको गीली बॉल से न निपटना पड़े। तो हां, टॉस ने बहुत बड़ा फर्क डाला। विराट कोहली की पारी पर गावस्कर ने कहा कि सच कहूं तो, किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएगा। पहली गेंद से ही ऐसा लगा जैसे वह रांची से ही खेल रहा हो। उसने हुक से छक्का लगाकर शुरुआत की, एक ऐसा शॉट जो वह अक्सर हवा में नहीं खेलता, जिससे उसके पिछले शतक का कॉन्फिडेंस दिखा।

उसके बाद, जब तक कुछ अनहोनी न हो जाए, शतक हमेशा पक्का लगता था। रुतुराज के साथ पार्टनरशिप बहुत बढ़िया थी। रुतुराज की पहली गेंद यानसन की एक जोरदार बाउंसर थी, जो जायसवाल को आउट करने के ठीक बाद आई थी। वह इसे चौके के लिए डालने में कामयाब रहा, और आप तुरंत कोहली को उसे दिलासा देने के लिए पिच पर जाते हुए देख सकते थे। और कोहली ने जो भी कहा, उसने उसे साफ तौर पर हिम्मत दी। अगली गेंद उसने फ्रंट फुट पर बहुत कॉन्फिडेंस के साथ खेली। कभी-कभी, यह सिर्फ आपके अपने रनों के बारे में नहीं होता।

### जर्मनी करेगा महिला यूरो 2029 की मेजबानी

**बर्लिन, वार्ता।** यूरोपीय फुटबॉल संघ ने घोषणा की है कि जर्मनी यूईएफए महिला यूरो 2029 की मेजबानी करेगा। डेनमार्क तथा स्वीडन की संयुक्त बोली से पहले जर्मनी ने मेजबानी के अधिकार जीते। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिनने कहा कि मैं पूरी प्रोसेस के दौरान उनकी बिना थके मेहनत और कमिटमेंट के लिए तीनों बोली लगाने वाले देशों का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। हर बिड ने नेशनल एसोसिएशन, सरकारों और लोकल एक्सपर्ट्स के बीच विजन और बेहतरीन टीमवर्क दिखाया, जो सभी पिछली गर्मियों में स्विट्जरलैंड द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि जर्मनी को बधाई। हम 2029 की गर्मियों में एक यादगार टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 16 टीमों का यह टूर्नामेंट जर्मनी के आठ स्टेडियम में खेला जाएगा।




# संधू ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

- **चार अंडर -66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली**

**जयपुर, वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिग लीडर युवराज संधू ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इवेंट, विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स के तीसरे राउंड में गुरूवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 के स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली।

युवराज संधू (65-63-66), जो तीसरे राउंड की शुरुआत में दूसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, ने अपने 66 के स्कोर के दौरान एक ईगल, चार बर्डी और दो बोगी लगाए और पेनल्टीमेट राउंड में बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज, जो चार साल बाद जयपुर में खेल रहे हैं, अब इस सीजन में अपने छठे पीजीटीआई खिताब की तलाश में हैं। अगर युवराज 2025 में अपनी छठी जीत हासिल करते हैं, तो वह 2022 में मनु गंडास द्वारा बनाए गए एक सीजन में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के पीजीटीआई रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। कुशाल सिंह (64-63-70), जो हाफवे लीडर थे और एक शॉट से आगे थे, का दिन मिला-जुला रहा, उन्होंने 70 का स्कोर किया जिसमें चार बर्डी और दो डबल-बोगी शामिल थे, जिससे वह 13-अंडर 197 के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। बांग्लादेश के बादल हुसैन (65-67-66) ने शानदार 66 का स्कोर बनाकर चार स्थान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 198 के साथ दिन का अंत तीसरे स्थान पर किया। युवराज संधू ने दिन की शुरुआत पहले होल पर बोगी से की, लेकिन फिर तीसरे और 12वें होल पर बर्डी लगाकर अच्छी प्रोग्रेस की, जिसमें बाद वाले पर टैप-इन और आठवें होल पर ईगल के लिए चिप-इन भी शामिल था। 15वें होल पर एक मिस अप एंड डाउन की वजह से संधू की दिन की दूसरी बोगी हुई, लेकिन उन्होंने आखिरी दो पार-5, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की। संधू, जिन्होंने 2018 में एमेच्योर रहते हुए रामबाग गोल्फ क्लब में अपना पहला पीजीटीआई इवेंट खेला था, ने आगे कहा कि अपनी मौजूदा हिटिंग फॉर्म के साथ मुझे लगता है कि मैं इस कोर्स पर अपना बेस्ट 10-अंडर का स्कोर हासिल कर सकता हूं, यह स्कोर मैंने 2021 में हासिल किया था जब मैंने आखिरी बार यहां खेला था। मैंने अपने बॉल-कंट्रोल में सुधार किया है और यह मेरे स्कोर में दिख रहा है। यह सब मेरे कोच गुरबाज मान के साथ की गई मेहनत की वजह से है। जयपुर के प्रोफेशनल हेमंत (तीन-अंडर 207) और प्रखर असावा (इवन-पार 212) क्रमशः 28वें और 42वें स्थान पर रहे।

# केएम आसिफ का पंजा केरल की चैंपियन मुंबई पर जीत

- **कप्तान संजू ने 46 और विष्णु विनोद ने नाबाद 43 रनों की पारी खेली, आसिफ ने पांच विकेट चटकाए**

**लखनऊ, वार्ता।** कप्तान संजू सैमसन (46), विष्णु विनोद (नाबाद 43) और शराफुद्दीन (नाबाद 35/ एक विकेट) के बाद केएम आसिफ (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर केरल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मुकाबले में गुरुवार को चैम्पियन मुंबई को 15 रनों से शिकस्त दी। मुंबई की इस सीजन में यह पहली हार है।

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में आयुष म्हात्रे (तीन) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज और अजिक्य रहाणे की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। अजिक्य रहाणे ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाए। सरफराज खान, जिन्होंने पिछले गेम में अपना पहला टी-20 शतक बनाया था, ने 40 गेंदों पर 52 रन बनाकर अपना फॉर्म को बनाए रखा। सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों में 32 रन, शिवम दुबे (11) और साईराज पाटिल 13 रन बनाकर आउट हुए। एक समय 17-1 ओवर में साईराज पाटिल का पांचवें बल्लेबाज के रूप में विकेट गिरा उस समय मुम्बई का स्कोर 148 रन था। के एम आसिफ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और मुम्बई ने महज 15 रन जोड़कर अपने शेष पांच विकेट गंवा दिए। केरल के लिए के एम आसिफ ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए। विग्नेश पुथुर को दो विकेट मिले। शराफुद्दीन, एम डी निधीष और अब्दुल बासित ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# बीमा क्लेम के लालच में बेटा बना शिकार पिता ने वकील के साथ मिलकर कराई हत्या

■ क्लेम के लालच में एक पिता ने ही अपने बेटे की सुपारी दे दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ करोड़ों के बीमा क्लेम के लालच में एक पिता ने ही अपने बेटे की सुपारी दे दी। अनिकेत शर्मा की हत्या की साजिश उसके पिता बाबूराम ने वकील आदेश कुमार और तीन सुपारी किलरों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने गुरुवार को पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। जांच में सामने आया कि वकील आदेश ने जनवरी 2024 में अनिकेत के नाम पर 1.05 करोड़ की सामान्य मृत्यु और 2.10 करोड़ रुपये की दुर्घटना मृत्यु बीमा पॉलिसी कराई थी। इसी दौरान पिता बाबूराम जेल चला गया। उसकी खराब आर्थिक स्थिति का फायदा उठाते हुए वकील ने बाबूराम को लालच दिया कि लाखों का क्लेम मिलेगा तथा बेटे की हत्या कराने के लिए मना लिया। बाबूराम ने अपने परिचित असलम उर्फ सुल्तान के जरिए रामपुर के साजिद मेवाती, असलम और तहब्बुर को 3.50 लाख रुपये में सुपारी दी, जिसमें 50 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। 16 नवंबर 2025 को बाबूराम अनिकेत को बहाने से एक्सप्रेसवे के नीचे ले गया, जहाँ आरोपी पहले से कार में मौजूद थे। उसे चंदौसी और फिर बिलारी में शराब पिलाई गई। नशे की हालत में खेतों में ले जाकर लोहे की रॉड से सिर पर तीन वार कर हत्या कर दी गई। बाद में शव पर कार चढ़ाकर घटनास्थल को दुर्घटना जैसा दिखाने की कोशिश की गई। पहचान के लिए अनिकेत का ड्राइविंग लाइसेंस भी उसकी जेब में रख दिया गया था। 17 नवंबर को मोहनपुर मार्ग पर पुलिस को शव मिला। पिता ने पुलिस से कहा कि बेटे की किसी से रंजिश नहीं थी और कार्रवाई से भी बचना चाहा। लेकिन अनिकेत के चाचा नवनीत शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और जांच में पूरा गैंग पकड़ में आ गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गंभीर धाराओं में नामजद करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंदिर के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद, मामला पहुंचा थाने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को मंदिर के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब एक पक्ष ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष मंदिर जाने वाले मार्ग का रास्ता कम दे रहा है। इस पर पहले पक्ष ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की बात सुनी।पहला पक्ष का कहना है कि मंदिर जाने के लिए पर्याप्त रास्ता उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि दूसरे पक्ष पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने इन आरोपों का खंडन करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी जमीन में से पहले ही करीब 4 फीट चौड़ा रास्ता मंदिर के लिए छोड़ रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहला पक्ष अब और अधिक चौड़ा रास्ता मांग रहा है, जो उनकी पुश्तैनी संपत्ति में आता है। इसके विरोध में उन्होंने कहा कि वह पहले ही पर्याप्त सहयोग कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद पहला पक्ष लगातार दबाव बना रहा है।

इस दौरान मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों में नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिस ने हालात बिगड़ते देख हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को थाने आने तथा अपनी-अपनी बात शांतिपूर्वक रखने की सलाह दी। फिलहाल मामला थाने में पहुंच चुका है, जहां पुलिस द्वारा भूमि संबंधी विवाद और दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जांच के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### टीएमयू के नर्सिंग ब्रह्मोत्सव में स्टुडेंट्स ने खेलों में दिखाया दम



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्पोर्ट्स एंड कल्चरल इवेंट- ब्रह्मोत्सव में बैडमिंटन, कबड्डी, बास्केटबाल की प्रतियोगिताएं हुईं। ब्वायज की कबड्डी प्रतियोगिता में टीम अग्नि दमदार प्रदर्शन करते हुए 40-19 से विजेता रही, जबकि टीम नीर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स की कबड्डी प्रतियोगिता में 38-29 से नीर टीम अव्वल रही और वायु टीम द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन सिंगल्स की ब्वायज प्रतियोगिता में टीम अग्नि के रिभव ने 21-13 से टीम वायु के रितिक को मात देकर जीत दर्ज की, जबकि गर्ल्स सिंगल्स के मुकाबले में टीम वायु की कशिश यादव ने आकाश टीम की खुशी को 13-11 प्वाइंट्स से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। इससे पूर्व बास्केटबाल के ब्वायज मुकाबले में नीर टीम ने वायु टीम को 13-02 से विजेता रही।

इस मौके पर नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या डॉ. जेसलीन एम., तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. श्योली सेन, प्रो. रामनिवास, डॉ. रामकुमार गर्ग, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. सपना सिंह के संग-संग स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर्स- श्री सतीश प्रजापति, श्रीमती पूजा झा, श्री रितिक रकवाल, श्री विनय लाल आदि मौजूद रहे।

### कुचावली गांव में पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में कुचावली गांव में शांतिकुंज की ओर से पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें देश और समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हुए आहुतियां दी गई। यज्ञ शांति कुंज के कल्लू सिंह जबर सिंह और पूनम चौधरी ने विधि विधान के साथ संपन्न कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शशिबाला गीता देवी अनीता देवी दिनेश देवी प्रियंकल छात्र-छात्राएं एवम विक्की चौधरी जयवीर सिंह अशोक चौधरी राजीव नरेश चौहान हरे कृष्णा उदल सिंह अजय कुमार मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक साल में भी नहीं हो पाया छह किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पिछले साल सहसपुर बॉर्डर से शुरू हुआ सड़क के चौड़ीकरण का काम अभी कांठ तक भी पूरा नहीं हो पाया जबकि इसको छजलेट तक पूरा किया जाना था। क्षेत्र के लोगों में इस तरह की ढील के साथ किए जा रहे कार्य को लेकर नाराजगी है बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तिराहे तक 13 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाना था जिसके लिए सड़क के दोनों और खुदाई हो गई खुदाई करके पत्थर भी डाला गया लेकिन यह काम अभी रसूलपुर रेलवे फाटक तक भी नहीं हो पाया किन्हीं कारणों के चलते कांठ नगर में एक साइड एक साल बीत जाने के बावजूद भी पूरी नहीं की गई।

कुल मिलाकर संबंधित विभाग को 6 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण करने में 1 साल लग गया जबकि कई मांह पहले ही छजलैट तक इस सड़क का कार्य पूरा किया जाना था। क्षेत्र के लोगों में इस तरह धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर काफी नाराजगी है।

### एसआईआर हेल्प सेन्टर लगाने वाले एनजीओ को उपजिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**बिलारी।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता संगठन,संस्थान ट्रस्ट एनजीओ द्वारा एसआईआर मैं जनमानस के सहयोग हेतु हेल्प सेंटर लगाकर लोगों की मदद की थी। जिसके चलते उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने टीम नोमान के इस एनजीओ के सदस्यों को सम्मानित किया। नोमान जमाल ने बताया की बीती शाम उप जिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह ने उनकी टीम के प्रमोद कुमार, सौरभ,बबलू मसूदी, नईम रहमान, नईमुद्दीन,रिजवान,रिहान, गुलाम नबी, अफजाल, डॉ मुजफ्फर, फैसल इरफान, अमान, अजय सक्सेना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। टीम के कप्तान नोमान जमाल ने कहा कि हम उपजिलाधिकारी के आभारी है जिन्होंने हमारे काम को बेहतर समझ कर हमें यह प्रशस्ति पत्र भेंट किया और हमारी टीम का हौसला बढ़ाया।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मधुमक्खी पालन: शहद उत्पादन हेतु उद्यमिता कौशल विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि मधुमक्खी पालन किसानों की आय बढ़ाने का एक अच्छा विकल्प है। प्रशिक्षण में रामपुर के प्रसिद्ध उद्यमी श्री जगदीश मौर्या ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन की तकनीक और शहद उत्पादन के बारे में जानकारी दी।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ परिवार से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बीएलओ के परिवार से मिलने पहुंचे और शोक व्यक्त किया। केंद्र सरकार पर लो. कतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मुरादाबाद दौरे पर पहुंचे। अपने समय अनुसार ठीक दोपहर 2 बजे ठस्० स्वर्गीय सर्वेश के परिजनों से मिलने उनके गांव बहेड़ी ब्रह्मनान पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार वालों से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की ओर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष अजय राय ने एसआईआर कार्य के दवाब के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले बी. एल.ओ. अध्यापक स्वर्गीय सर्वेश सिंह के निवास स्थान थाना भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम बहेड़ी में पहुंचकर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की, उन्होंने मृतक सर्वेश की पत्नि को नोकरी और चारों लड़कियों की शिक्षा का खर्च की सरकार से मांग की पूरी इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के पदाधिकारीगण, सदस्यगण,वरिष्ठ नेता,सभी पार्षदगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, मण्डल अध्यक्षगण, वार्ड अध्यक्षगण, फ्रंटल प्रकोष्ठों के अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

# टीएमयू खो-खो का ताज ग्रीन मिडोज-सेंट मीरा के सिर सजा

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की इण्टर स्कूल खो-खो चैंपियनशिप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित दो दिनी इण्टर स्कूल खो-खो चौंपियनशिप के बालक वर्ग में मुरादाबाद के ग्रीन मिडोज पब्लिक स्कूल और बालि. का वर्ग में सेंट मीरा अकादमी की टीमें विजेता रहीं। मुरादाबाद के ग्रीन मिडोज और आरआरके पब्लिक स्कूल के बीच बालक वर्ग के फाइनल मैच में आरआरके ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। ग्रीन मिडोज ने फर्स्ट क्वार्टर में 7 प्वाइंट्स से मुकाबला अपने नाम कर लिया। बालिका वर्ग के मुक. ाबले में मुरादाबाद की सेंट मीरा अकेडमी की टीम विजेता बनीं। सेंट मीरा अकेडमी और पीएमएस पब्लिक स्कूल- धनौरा के बीच हुए मुकाबले में सेंट मीरा अकादमी ने टॉस जीतकर चेस चुना। सेंट मीरा अकादमी ने 12 प्वाइंट्स से जीत दर्ज की। टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि चैंपियनशिप का शुभारम्भ किया,जबकि समापन मौके पर डायरेक्टर एडमिशन श्री अवनीश कुमार पवारिया ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय चौंपियनशिप में मुरादाबाद मंडल की बालक वर्ग में 12 और बालिका वर्ग में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया।

दूसरी ओर लीग मैंचों में बालक वर्ग में मुरादाबाद के रेनबो पब्लिक स्कूल और ग्रीन मिडोज स्कूल की टीमें विजेता रहीं। रेनबो पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर रनिंग चुनीं और वेदांता ग्लोबल स्कूल, धनौरा को 01 प्वाइंट से मात दी, जबकि ग्रीन मिडोज ने टॉस जीतकर रनिंग चुनीं और ग्रीन मिडोज ने 1 मिनट 15 सेकंड में सेंट मीरा अकादमी मुरादाबाद पर जीत दर्ज की। दूसरी ओर बालिका वर्ग के मुकाबले में मुरादाबाद के ग्रीन मिडोज और अमरोहा एस एस चिल्ड्रेन अकादमी, अमरोहा की टीमों ने जीत हासिल की। ग्रीन मिडोज ने टॉस जीतकर पहले डिफेंस चुना और जीडीटीएस, मुरादाबाद को 4 प्वाइंट और 1 इनिंग से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एसएस चिल्ड्रेन अकादमी अमरोहा ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। एसएस चिल्ड्रेन अकादमी ने वेदांता ग्लोबल स्कूल, धनौरा को 1 प्वाइंट से मात दी।

# गन्ने की सूखी पत्ती व फसल अवशेषों को मल्चर द्वारा खेत में ही डी-कम्पोज करने का महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वार्ता के दौरान उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद श्री हरपाल सिंह ने वार्ता के दौरान बताया कि गन्ने की सूखी पत्तियों व फसल अवशेषों को मल्चर द्वारा खेत में ही डी-कम्पोज (विघटित) किया जाना फसल एवं मिटटी के लिये सबसे ज्यादा हितकर है। इससे न सिर्फ मिटटी की उर्वरता/गुणवत्ता मे सुधार होता है बल्कि गन्ने की उपज में भी बढोत्तरी के साथ-साथ फसल अवशेष के रूप मे एकत्र कचरे के निस्तारण तथा पर्यावरणीय प्रदूषण को रोकने मे भी मदद मिलती है।

उन्होने बताया कि इस सम्बन्ध मे विभाग ने प्रदेश कें गन्ना उत्पादक जिलों के समस्त किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने यह भी बताया कि गन्ने की सूखी पत्तियों को खेतों मे जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा पर्यावरण को भारी नुकसान होता है साथ ही मिट्टी की उर्वरता में भी कमी आती है, इसलिये गन्ना किसान, भईयों से अपील है कि वह गन्ना कटाई के उपरान्त सूखी पत्ती एवं फसल अवशेषों को जलाने की अपेक्षा ट्रैश मल्चर एवं एम.वी. प्लाऊ का उपयोग कर गन्ने की सूखी पत्तियों एवं फसल अवशेष का प्रबंधन अवश्य करें।

ताकि फसल अवशेषों के उपयोग से मिट्टी के पोषक तत्व वापस मिट्टी में मिल सकें और खेतों की मिट्टी उपजाऊ बनी रहे। उन्होने यह भी बताया कि आयुक्त महोदया् गन्ना एवं चीनी उ.प्र. श्रीमती मिनिस्ती एस. ने प्रदेश के सभी उप गन्ना आयुक्तों, जिला गन्ना अधिकारियों एवं चीनी मिलों को कृषक गोष्ठी एवं कृषक मेला, पम्फलेट, वॉल पेंटिंग, समाचार पत्रों के माध्यम से किसानों को जागरूक करने तथा फार्म मशीनरी बैंकों के माध्यम से रैटून मैनेजमेंट डिवाइस (आर.एम.डी.) ट्रैश मल्चर एवं एम.वी. प्लाऊ उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि विभागीय प्रयासों के फलस्वरूप गत वर्षों के सापेक्ष इस वर्ष गन्ने की सूखी पत्तियों एवं अवशेषों को जलाए जाने की घटनाएं अभी संज्ञानित नहीं हैं। उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद ने यह भी कहा कि कहीं भी गन्ने के सूखी पत्ती जलाने की घटना प्रकाश न आये, इसके लिये विभाग के सभी कार्मिकों व अधिकारियों द्वारा मिलकर संगठित प्रयास किये जायें।

# जिला बार एसो. ने किया जिला जज का अभिनंदन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन में जिला जज सैय्यद माउज बिन आसिम ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि मै आपके परिवार के बीच का हूं मेरी कार्यशैली से भी ये ही परिलक्षित होगा । मैं अधिवक्ताओं की समस्याओं से भली भांति परिचित हूं बार और बैंच वादकारियों को न्याय दिलाने में सहायक बने।

ऐक्शन प्लान की फौजदारी और दीवानी के मुकदमे का निपटारा करें। अपर जिला जज सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि बार और बैंच एक दूसरे के प्रेरक है जैसे सूर्य और चंद्रमा एक दूसरे को रोशनी देते हैं। अपर जिला जज धनेंद्र कुमार ने कहा कि मुरादाबाद के अधिवक्ता न्यायिक अधिकारियों को सहयोग प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष हर प्रसाद ने की संच. ालन महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह ने किया। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य श्रीष महरोत्रा ने भी सम्बोधित किया और अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाएं बताई। जिला बार एसोसिएशन के एल्डर कमेटी के चौयरमेन फारूक अहमद निजामी ने जिला जज साहब का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता, अनिल पाल सिंह, सोमपाल सिंह, जयवीर सिंह,शेर सिंह, वीके मालवीय, संजीव तिवारी,सफदर अली, आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में ध्रुव कुमार सक्सेना, संध्या दीक्षित, भीकम सिंह सैनी,शमशाद हुसैन,चेतेन्य पाल सिंह, एएचजैदी, गजेन्द्र पाल, लखविंदर सिंह, गुरू प्रीत सिंह, सत्यपाल सिंह, मौहम्मद फुरकान, गोपाल कृष्ण, हर स्वरूप, ललित अरोड़ा, नवनीत शमशेरी, अजय विक्रम, आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला जज को अध्यक्ष व महामंत्री ने स्मृति चिन्ह भेंट किया ,अपर जिला जज सुरेन्द्र कुमार को अनिल पाल सिंह ने शाल पहनाकर स्वागत किया तथा अपर जिला जज धनेंद्र कुमार कुमार को डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता ने शाल पहनाकर सम्मानित किया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# संस्कार भारती द्वारा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में भारत माता चित्रकला प्रतियोगिता की गई आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संस्कार भारती मुरादाबाद महानगर के तत्वावधान में गुरुवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में भारत माता चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रकला प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ, जिसे महानगर अध्यक्ष डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने किया। उन्होंने कहा कि लोककल्याण और लोकमंगल के लिए भगवान शिव ने नटराज स्वरूप धारण कर "सत्यम शिवम् सुंदरम" की अवधारणा को मूर्त रूप दिया था।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए संस्कार भारती समाज में कला-संस्कृति और संस्कारों के प्रसार के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कलाएँ समाज को संस्कार देने का कार्य करती हैं और कलासाधक व्यक्ति के व्यक्तित्व को संवेदनशील व संस्कारशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष एवं दृश्य कला संयोजक डॉ. नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भारत माता विषय पर सुंदर व आकर्षक चित्र तैयार किए। छात्रों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को देखकर उपस्थित अतिथियों ने उनकी प्रशंसा की। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए वरिष्ठ वर्ग में प्रिंस को प्रथम, अंश दिवाकर को द्वितीय तथा नैतिक शुक्ला को तृतीय स्थान दिया गया। वहीं जूनियर वर्ग में रुद्राक्ष चक्रवर्ती प्रथम, कुलजीत सिंह द्वितीय और आनंद कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने उन्हें प्रोत्साहित किया और भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में विभाग संयोजक विवेक निर्मल, डॉ. राजीव कुमार, नाट्य कला संयोजक विकसित पंडित, धवल दीक्षित, अनिल कुमार, राकेश वर्मा सहित संस्कार भारती के पदाधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर ने की। समूचे आयोजन का संयोजन डॉ. नवनीत गोस्वामी तथा संचालन डॉ. विशेष शर्मा द्वारा किया गया।कला व संस्कृति से भरपूर यह कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत साबित हुआ और उन्हें भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ने में महत्वपूर्ण रहा।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 5 दिसम्बर 2025

# पड़ोसी परेशान

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत की यात्रा के दौरान 25 समझौतों पर साइन होने की उम्मीद की जा रही है। इस दौरान भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में संबंध मजबूत होंगे। वहीं, पूरी दुनिया की पीएम मोदी और पुतिन के बीच हो रही इस मुलाकात पर नजर है। जहां अमेरिका और चीन की इस मुलाकात से टेंशन बढ़ रही है। मीडिया की मानें तो, वहीं ब्रिटेन का भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दरअसल, मास्को स्थित वैश्विक टीवी समाचार चैनल आरटी अब आरटी इंडिया की 5 दिसम्बर को शुरुआत करेगा। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ, पुतिन भारत में आरटी टीवी चैनल के लॉन्च समारोह में भी शामिल होंगे। आरटी इंडिया दिल्ली के अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो से अपने टीवी प्रसारण की आधिका. रिक शुरुआत करेगा। मास्को स्थित यह वैश्विक टीवी समाचार नेटवर्क अंग्रेजी में दिन के चार समाचार कार्यक्रम प्रसारित करेगा और इसका मकसद भारत और रूस के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करना और दुनिया में दोनों देशों के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देना है। जहां पुतिन के दौरे के दौरान आरटी इंडिया चैनल शुरू किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। क्योंकि इस चैनल पर ब्रिटिश उपनि. वेशवाद पर आधारित कई एपिसोड वाली एक कार्यक्रम सीरिज भी प्रसारित की जाएगी। इस सीरिज में भारतीय संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष शशि थरूर को दिखाया गया है। आरटी का अंग्रेजी-भाषा वाला अंतर्राष्ट्रीय चैनल पहले ही भारत के 18 प्रमुख आपरेटरों के पैकेज में उपलब्ध है, जिनकी संभावित दर्शक संख्या 675 मिलियन है। अब रूस का चैनल भारत में ब्रिटेन उपनिवेशवाद पर आधारित सीरिज दिखाएगा, इससे ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। वहीं व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पाकिस्तान सन्न है। एक तो पाकिस्तान रूस और भारत के हथियार सौदे से डरा हुआ है। दूसरा उसे डर है कि कहीं अफगानिस्तान वाला खेल उसके साथ न हो जाए, क्योंकि आतंक पर अगर पुतिन ने झटका दे दिया तो उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी। दरअसल दुनिया की राजनीति में जब कोई कदम हलचल मचाता है, तो उसकी गूंज सबसे पहले पड़ोसी देश सुनता है। इस बार वो गूंज है- व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की। 4 साल बाद पुतिन मास्को से सीधे दिल्ली पहुंच हैं, भारत का एजेंडा क्लियर है। रूस से दोस्ती और मजबूत होगी, लेकिन भारत और रूस की ये दोस्ती दुश्मनों को तीर की तरह चुभ रही है, लेकिन असली खौफ उन डील को लेकर है। जो हो गईं तो मुनीर की सेना का रहा सहा हौसला भी हवा हो जाएगा। पाकिस्तान का सोशल मीडिया अकाउंट और टीवी चैनलों पर यह दर्द साफ तौर पर देखा जा रहा है। एक टीवी चैनल से बात करते हुए पाकिस्तान के ये पत्रकार कह रहे हैं- ये जो दौरा होने जा रहा है रूस के सदर का भारत का, आप ये समझ लें कि पुतिन का जो भारत दौरा है। इसमें अफगानिस्तान को बढ़ावा दिया जा सकता है, क्योंकि हिंदुस्तान कोई साजिश प्लान कर सकता है। डिफेंस, आयल और हथियार, लेकिन पाकिस्तान की टेंशन इससे बड़ी है। पाकिस्तान की घबराहट ये है कि कहीं मोदी और पुतिन के बीच की बातचीत में पाकिस्तान और आतंकवाद की बात न छिड़ जाए। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान की बात न छिड़ जाए, क्योंकि पाकिस्तान का हर सूबा खुद को मुनीर के चंगुल से आजाद कराने की जद्दोजेहद कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को लेकर पुतिन की नजर जरा सी भी टेड़ी हो गई और कहीं पुतिन ने एक बार फिर अफगान तालिबान की मदद बढ़ा दी तो पाक की सेना चारों तरफ से पिटेगी। इसलिए मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता से जुड़ी खबरों पर पूरा पाकिस्तान पैनी नजर टिकाए हुए है। इस हवाले से आने वाली हर नई खबर पाकिस्तान को नया शाक दे रही है।

## राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है संस्कृति



जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं, राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं, संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग -अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी, जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है, पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# पुतिन की भारत यात्राः तेल की धार पर कूटनीति की तलवार



**योगेश कुमार गोयल**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की 4-5 दिसम्बर की दो दिवसीय भारत यात्रा केवल एक प्रोटोकॉल विजिट नहीं बल्कि भू-राजनीति के नए शतरंज पर चली जाने वाली निर्णायक चाल मानी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाए गए टैरिफ के बीच यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। सोवियत दौर से लेकर आज के रूस तक, मास्को भारत का सबसे स्थाई रणनी. तिक साझेदार रहा है, 1971 के युद्ध में कूटनीतिक बैकिंग से लेकर दशकों तक हथियारों, मिसाइलों और परमाणु ऊर्जा सहयोग तक लंबा इतिहास गवाह है। आज भी अनुमानतः 60-70 प्रतिशत भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म (फाइटर जेट, टैंक, पनडुब्बियां, एयर-डिफेंस सिस्टम इत्यादि) किसी न किसी रूप में रूसी मूल के हैं लेकिन 2022 के बाद समीकरण बदल गए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने तेल एशियाई बाजारों की ओर भारी छूट पर मोड़ दिया और भारत रातों-रात रूस के सबसे बड़े तेल ग्राहकों में बदल गया। 2021 में जहां रूसी तेल भारत के कुल आयात का मुश्किल से 1-2 प्रतिशत था, वहीं 2024 तक यह हिस्सेदारी 30-35 प्रतिशत तक जा पहुंची और रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। यही ऊर्जा समीकरण आज भारत-रूस व्यापार का मेरुदंड है। द्विपक्षीय व्यापार महामारी-पूर्व लगभग 10-13 अरब डॉलर से उछलकर करीब 70 अरब डॉलर तक जा पहुंचा लेकिन इसका बड़ा हिस्सा केवल तेल और ऊर्जा आयात है जबकि भारत का रूस को निर्यात लगभग 5 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद को बहाना बनाकर भारत के ऊपर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ थोप दिए, जिससे कई आइटम्स पर कुल ड्यूटी 50 प्रतिशत तक जा पहुंची। तर्क यह कि भारत सस्ते रूसी तेल के जरिए मॉस्को की वॉर मशीन को फंड कर रहा है। नतीजा यह कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार और महंगा तथा अनिश्चित हो गया। स्पष्ट है कि यह सिर्फ व्यापारिक व्यवस्था नहीं, राजनीतिक दबाव का औजार भी है। सवाल यह नहीं कि भारत रूस से तेल खरीदे या नहीं बल्कि सवाल यह है कि क्या वाशिंगटन किसी तीसरे देश को चुनकर उसकी ऊर्जा और रणनी. तिक आजादी पर शर्तें तय कर सकता है और दिल्ली इसे कितनी दूर तक सहन करेगी। पुतिन की यह यात्रा इसी टैरिफ-दबाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका खुलकर चाहता है कि भारत रूसी तेल पर निर्भरता घटाए, साथ-साथ अमे. रिकी हथियार और उत्पादों के लिए अपने बाजार और ज्यादा खोले। भारत को अब यह संतुलन बेहद बारीकी से साधना है और यही इस शिखर मुलाक. ात की असली कसौटी होगी। कच्चे तेल पर शुरुआती जबरदस्त छूट अब सिकुड़कर मामूली मार्जिन तक आ गई है। ऐसे में केवल 1.5-2 डॉलर प्रति बैरल के लाभ के लिए भारत अपनी छवि को युद्ध फाइनेंसर की तरह पेश नहीं होने दे सकता, यह बात दिल्ली और मॉस्को, दोनों को समझनी होगी। ऊर्जा सहयोग जरूरी है पर शर्तों पर पुनर्विचार भी उतना ही जरूरी है, दीर्घकालिक व पारदर्शी तेल-समझौते, कीमत, बीमा, शिपिंग और भुगतान पर साफ फार्मूला, ताकि हर तिमाही पर भू-राजनीति के हिसाब से अनिश्चितता न बनती रहे। एलएनजी, कोयला और परमाणु ऊर्जा में भी संतुलित साझेदारी जरूरी है, कुडनकुलम जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ें, नए रिएक्टरों पर स्पष्ट टाइमलाइन बने ताकि सहयोग केवल कच्चा तेल तक सीमित न रहे। ऊर्जा भारत के लिए जीवनरेखा है लेकिन यह रिश्ता तभी टिकाऊ होगा, जब इसके बदले में भारत को भी रूस के बाजार में वास्तविक और बड़े पैमाने पर जगह मिले, केवल भावनात्मक दोस्ती के भरोसे नहीं। आज की हकीकत यह है कि भारत रूस से कच्चा तेल, गैस, कोयला, उर्वरक और हीरे का भारी आयात करता है जबकि बदले में दवाएं, कुछ मशीनरी, केमिकल और सीमित उपभोक्ता वस्तुएं ही भेज पाता है। नतीजा यह कि रूस से आयात 60 अरब डॉलर से ज्यादा और रूस को निर्यात महज 5 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में तमाम दिग्गज विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली को पुतिन के सामने दो टूक बात रखनी होगी कि हम केवल तेल आयातक नहीं रह सकते। रूस को फार्मा, हैल्थकेयर इक्विपमेंट, आईटी सर्विसेज, ऑटो पार्ट्स, कृषि-उद्यानिक उत्पाद, मसाले, चाय-कॉफी, प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-इलैक्ट्रॉनिक्स और प्रोफैशनल सर्विसेज के लिए भारत को प्राथमिक सप्लायर बनाना होगा। आज रूस अपनी ज्यादातर नॉन-एनर्जी जरूरतों के लिए चीन की ओर देखता है, वहां प्रोडक्ट सस्ते हैं, लॉजिस्टिक नेटवर्क पुराना और मजबूत है लेकिन भारत को अपने डिमांड कार्ड का इस्तेमाल करके मॉस्को को यह संदेश देना होगा कि यदि भारत रूसी ऊर्जा और हथियारों के लिए खुला बाजार बना रहता है तो बदले में रूस को भी भारतीय सामान और सेवाओं के लिए अपने बाजार को संरचनात्मक रूप से खोलना पड़ेगा। यही संतुलन भारत को अमेरिकी टैरिफ-दबाव से आंशिक राहत दिला सकता है। जब रूस भारत से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाएगा, तब कम से कम एक धुरी पर भारतीय निर्यातकों के लिए नया और अपेक्षाकृत सुरक्षित बाजार बनेगा। रूस के साथ रक्षा सहयोग इस यात्रा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। भारत ने एस-400 एयर-डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में समझौता किया, तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं, दो की सप्लाई अभी बाकी है। यूक्रेन युद्ध, प्रोडक्शन प्रायोरिटी और लॉजिस्टिक बाधाओं के चलते डिलीवरी टाइमलाइन बार-बार खिसकती रही है। इसी तरह एसयू-30एमकेआई अपग्रेड, कलपुर्जों की सप्लाई, पनडुब्बियों और टैंकों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे भी हैं। भारत अब एकल सप्लायर-निर्भरता से निकलकर फ्रांस, अमेरिका, इजराइल सहित कई स्रोतों से खरीद कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि रूस को क्लियर टाइमलाइन, पक्के सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और जॉइंट प्रोडक्शन के ठोस प्रस्ताव देने होंगे और भारत को यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भरोसेमंद सप्लाई चेन और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर ही तय करेगा कि अगली पीढ़ी के सौदों में रूस की हिस्सेदारी कितनी रहेगी। एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट पर भी बात होगी लेकिन भारत अब किसी एक प्रोजेक्ट पर आंख मूंदकर दांव लगाने की स्थिति में नहीं है। यह संवाद तभी सार्थक होगा, जब रूस को भी यह समझ आ जाए कि भारत आज खरीदार से ज्यादा भागीदार बनना चाहता है। अमेरिकी वित्तीय प्रतिबंधों के बाद भारत-रूस व्यापार ने डॉलर से हटकर दिरहम, रूपए और युआन जैसे विकल्पों की ओर रुख किया है। आज कच्चे तेल के भुगतान का बड़ा हिस्सा यूएई दिरहम के जरिए निपटता है, कुछ हिस्सा रूपए में और कभी-कभार युआन में। यह व्यवस्था कागज पर आकर्षक लगती है, डी-डॉलराइजेशन का नारा भी सुहावना लगता है लेकिन व्यवहार में इसमें तीन बड़ी समस्याएं हैं, निष्क्रिय रूपया बैलेंस, दिरहम पर निर्भरता और राजनीतिक जोखिम। रूस के पास जमा रूपया इस्तेमाल न होने पर यह भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक सिरदर्द बनता है। असल में हम डॉलर से निकलकर एक और मध्यस्थ मुद्रा पर निर्भर हो रहे हैं, जो खुद पश्चिमी वित्तीय व्यवस्था से जुड़ी है। किसी भी नए प्रतिबंध, सैकेंडरी सैंक्शन या पेमेंट रूल बदलने पर पूरी व्यवस्था हिल सकती है। या तो दोनों देश किसी स्थाई, स्पष्ट और कानूनन सुरक्षित पेमेंट फ्रेमवर्क पर सहमत हों या फिर ऊर्जा-सौदों को ऐसे कानूनी कवर में लाया जाए, जो बार-बार भू-राजनीतिक तूफानों में न डगमगाए। अमेरिका-यूरोप एक तरफ, रूस-चीन धुरी दूसरी तरफ, दुनिया नए तरह की शीत युद्ध जैसी ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दिख रही है। भारत ने अब तक सफलतापूर्वक रणनीतिक स्वायत्तता की राह अपनाई है, क्वॉड में अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ बैठकर भी और ब्रिक्स तथा एससीओ में रूस-चीन के साथ साझेदारी निभाकर भी लेकिन ट्रंप टैरिफ और यूक्रेन युद्ध के बाद दबाव अब ठोस आर्थिक लागत में बदल चुका है। यही वह मोड़ है, जहां भारत को अपने लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत स्पष्ट करने होंगे। ऊर्जा सुरक्षा अनिवार्य है पर किसी एक स्रोत पर 35-40 प्रतिशत निर्भरता जोखिम है, रक्षा-सहयोग महत्वपूर्ण है पर एक सप्लायर पर लॉजिस्टिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम बन चुकी है, रणनीतिक स्वायत्तता जरूरी है पर इतनी भी मध्यमार्गी नहीं हो सकती कि दुनिया हमें खुले तौर पर युद्ध-वित्त पोषण के प्रतीक के रूप में देखने लगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हमारे शरीर की सारी वसा एक-सी नहीं होती

हमारे शरीर में वसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के विकास के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन शरीर में वसा की अतिरिक्त मात्रा से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। भारत में औसतन 40 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से परेशान हैं। इससे निपटने के लिए सबसे अच्छा सुझाव तो नियमित रूप से व्यायाम और शारीरिक परिश्रम करना है, लेकिन ऐसा करना सबके लिए संभव नहीं हो पाता। इस विषय में कई तरह के शोध किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा नुस्खा नहीं मिला जिससे आसानी से शरीर की वसा को नियंत्रित किया जा सके। हाल के वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शोध दल ने शरीर में उपस्थित अत्यधिक वसा से निपटने का तरीका खोज निकाला है।

गौरतलब है कि हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो प्रकार की वसा होती हैरू ब्राउन फैट और व्हाइट फैट। ब्राउन फैट चयापचय, मोटापे और मधुमेह को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और दीर्घायु को संभव बनाती है। दूसरी ओर, व्हाइट फैट चयापचय की दृष्टि से अकार्यशील होता है। इसकी ऊर्जा का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और यह शरीर में जमा होता रहता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सवाल रहा है कि शरीर में ब्राउन फैट को कैसे बढ़ाया व सक्रिय किया जाए। साथ ही यह भी एक मुद्दा रहा है कि क्या व्हाइट फैट को ब्राउन में तबदील करना संभव है। क्यूबैक स्थित शेरब्रुक युनिवर्सिटी हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में शरीर में उपस्थित ब्राउन फैट को सक्रिय करने का प्रयास किया गया है। वास्तव में ब्राउन फैट ठंड या कुछ रासायनिक संकेतों के प्रत्युत्तर में सक्रिय होकर शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। मनुष्यों के शरीर में ब्राउन फैट की मात्रा काफी कम होती है। वैज्ञानिकों का प्रयास रहा है कि किसी अन्य तरीके से ब्राउन फैट को सक्रिय किया जा सके या व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित किया जा सके ताकि चयापचय में सुधार हो। ब्राउन फैट नवजात शिशुओं की गर्दन और कंधों में पाया जाता है। यह काफी मात्रा में कैलोरी जलाता है और शरीर को गर्म रखने का काम करता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह कम होने लगता है और 6 वर्ष की आयु तक यह कुल फैट के 5 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसके बाद हमारे शरीर में केवल निष्क्रिय व्हाइट फैट बनता है। इस व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में बदलने और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया। उन्होंने व्हाइट फैट की कोशिकाओं को लेकर उन्हें बहुसक्षम स्थिति में परिवर्तित किया और फिर कुछ एपीजेनेटिक स्विच के साथ छेड़छाड़ की तो वे ब्राउन फैट कोशिकाओं में परिवर्तित हो गई। इसके बाद उन्होंने ब्राउन फैट को. शिकाओं को कल्चर किया और एक अन्य जीन को सक्रिय करके कोशिका की सतह पर ऐसे प्रोटीन की



संरचना को परिवर्तित कर दिया जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। ऐसा करने से ब्राउन फैट को भेड़ों में इंजेक्ट करने पर उनके शरीर ने इसे अस्वीकार नहीं किया। इस ब्राउन फैट को एक मोटी भेड़ में डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी अधिक मात्रा में ब्राउन फैट वाली भेड़ दुबली हो गई और उसमें चयापचय सिंड्रोम तथा मधुमेह भी खत्म हो गया।

इस संदर्भ में डा. शिन्या यामानाका द्वारा वयस्क को. शिकाओं को उनकी मूल भ्रूण अवस्था में लाने का काम महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिए उन्होंने चार प्रकार के जीन को सक्रिय किया था जिन्हें यामानाका कारक कहा जाता है। ये कारक एक तरह से स्विच का काम करते हैं। भ्रूणीय अवस्था में आने के बाद ए कोशिकाएं ब्राउन फैट, व्हाइट फैट, हृदय। लीवर या गुर्दे वगैरह की कोशिकाएं बनाने में सक्षम हो जाती हैं। ब्राउन फैट को उपयोग करने में एक बड़ी समस्या रही है कि ब्राउन फैट द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्हाइट फैट में प्रोग्राम किया जाए। यह अब संभव हो गया है। डेलावेयर स्थित एक समूह ने एक मान्य उपचार के माध्यम से कुछ महिलाओं में निष्क्रिय ब्राउन फैट को सक्रिय किया तथा व्हाइट फैट को ब्राउन में भी परिवर्तित किया। इसकी मदद से व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने की तकनीकें विकसित की जा सकेंगी। यह ब्राउन फैट आपके वजन को कम करने के साथ मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग और डिमेंशिया के जोखिम को भी कम करेगा। यह तकनीक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गौरतलब है कि 1974 से मधुमेह, अस्थिरोग और कैंसर जैसे बीमारियों के लिए व्हाइट फैट का बढ़ता स्तर सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा थकान और ताकत की कमी जैसे बुढ़ापे के लक्षणों के पीछे का कारण भी शरीर की अतिरिक्त वसा है। वसा के बढ़ने से जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है। यदि वैज्ञानिक मनुष्यों में व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने का रास्ता खोज निकालते हैं तो इससे कई बीमारियों के जोखिम में कमी आ सकती है।

**...स्रोत फीचर्स**

# फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात

भारतीय शोधकर्ताओं ने धान के पौधे से एक बैक्टीरिया खोजा है, जो रोगजनक फंगस (फफूंद) को खाता है, साथ ही शोधकर्ताओं ने उस बैक्टीरिया में एक फंगल-रोधी प्रोटीन की भी पहचान की है, जो कई तरह के फंगल इनफेक्शन से लड़ने में मददगार हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार बीजी-9562 नामक यह नया प्रोटीन पौधों के साथ-साथ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में होने वाले फंगल इनफेक्शन को रोकने में कारगर साबित हो सकता है। यह शोध नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में शामिल प्रमुख शोधकर्ता डा. गोपालजी झा ने बताया कि बीजी-9562 एक फंगल-रोधी प्रोटीन है, जो फंगल-भोजी बैक्टीरिया बर्खोल्डेरिआ ग्लैडिओली के एक रूप एनजीजे 1 में पाया जाता है। एनजीजे 1 फंगस पर आश्रित रहता है और उसकी कोशिक. ाओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। धान की शीथ ब्लाइट नामक बीमारी के लिए जिम्मेदार फफूंद राइजोक्टोनिया सोलानी के नियंत्रण में एनजीजे 1 को प्रभावी पाया गया है, लेकिन पहले वैज्ञानिकों को यह मालूम नहीं था एनजीजे 1 में पाए जाने वाले इस गुण के लिए कौन-सा तत्व जिम्मेदार है। हालांकि अव वैज्ञानिकों का मानना है कि फफूंद को अपना भोजन बनाने के गुण के कारण किसी अन्य फंगल-रोधी बैक्टीरिया की अपेक्षा एनजीजे 1 ज्यादा प्रभावी जैव नियंत्रक साबित हो सकता है। यह अध्ययन हाल में शोध पत्रिका नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित किया गया है। डा. झा के अनुसार बीजी-9562 प्रोटीन फंगल-रोधी



उपचार में कई तरीकों से उपयोगी हो सकता है। उदाहरण के लिए इस प्रोटीन के उपयोग से तैयार मिश्रण खेतों में छिड़ककर फसल को रोगों से बचा सकते हैं।

फंगल संक्रमण के उपचार के लिए दवा बनाने में भी यह कारगर हो सकता है। इसके अलावा फंगल-रोधी पौधे विकसित करने में भी ट्रांसजीन के रूप में बीजी-9562 जीन का उपयोग हो सकता है। दुनिया भर में रोगजनक फफूंद कई रूपों में खतरा बने हुए हैं। राइजोक्टोनिया सोलानी, मैग्नापोर्थ ओराइजे, फ्यूसिरियम ऑक्सिसपोरम, एस्कोकाइटा रैबेई और वेंचुरिया इनैक्वालिस नामक फंगस पौधों के कुछ प्रमुख रोगजनक माने जाते हैं। कुछ फफूंद जैसे कि कैंडिडा एल्बिकैन्स मनुष्य और जानवरो में भी फंगल संक्रमण का कारण होते हैं। इनके नियंत्रण के प्रभावी उपाय खोजे जा रहे हैं। इस लिहाज से यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में डा. गोपालजी झा के अलावा दुर्गा माधव स्वैन, सुनील कुमार यादव, ईशा त्यागी, राहुल कुमार, राजीव कुमार, श्रेयान घोष और जयती दास शामिल थे।

# बच्चों के दोस्त बनकर रहें

आज फैशन, लाइफ स्टाइल, करियर, दोस्त और एजुकेशन को लेकर युवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। घर का बच्चा कब जागता है, कब खाता है, क्या खाता है, कहां जाता है, कौन दोस्त है, उसकी पढ़ाई कैसी चल रही है, उसके मन-मस्तिष्क में किस तरह के झंझावात चल रहे हैं, आज घर वालों को इन बातों का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं है। युवाओं के मन-मस्तिष्क को समझने वाले साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बच्चे से युवा होते किशोर सबसे ज्यादा अपने दोस्तों से प्रभावित होते हैं। उन्हीं के हिसाब से फैसले लेते हैं, वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। लिहाजा जिद्दी हो जाते हैं, यही जिद उन्हें तनाव की तरफ ले जाती है। जीवन के प्रति आज बड़ों और युवाओं का नजरिया अलग-अलग है। आसानी से चीजों की प्राप्ति के लिए युवाओं के पास कई तरह के रास्ते हो सकते हैं, उन्हें कतार में खड़े रहना पसंद नहीं, जबकि बुजुर्ग रिश्तों की प्रतिबद्धता में विश्वास रखते हैं। उन्हें लगता हैं कि उनका बच्चा परिवार और पारिवारिक रिश्तों के प्रति जिम्मेदार है, जबकि युवाओं का अधिकांश वक्त दोस्तों और सोशल साइट्स पर बीत रहा है। न्यूक्लियर फैमिली की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बच्चों के लिए माता-पिता के पास वक्त नहीं है। उनकी हर जिद को पूरा करके माता-पिता सोचते हैं कि उनका बच्चा आइडियल संतान बन रहा है। महानगरों में कार्यरत माता-पिता नौकरीपेशा होते हैं। लिहाजा बच्चा किशोरवय की दहलीज पर पहुंचते-पहुंचते भटकाव के रास्ते पर आ खड़ा होता है। जिन तीन मामलों का ऊपर जिक्र किया उन तीनों में एक बात समान है कि तीनों युवाओं से घर वालों की बातचीत ज्यादा नहीं हो रही थी। माता-पिता सुबह काम पर चले जाते हैं। बच्चे को अगर किसी चीज की जरूरत होती है तो उसे झटपट पूरा करने के बाद वे समझ जाते हैं कि बच्चा खुश है। हमारा सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है। महानगरीय स्वरूप तीन दशकों में बिल्कुल बदल गया है। दादा-दादी, नाना-नानी, बुआ, चाचा फ्लैट कल्चर में समा नहीं पाते। इसका गंभीर प्रभाव युवाओं पर बुरा असर डाल रहा है। एक वक्त था जब दादा, चाचा, बुआ पल भर में बच्चे की मानसिक स्थिति को समझ जाते थे। उनके मन में क्या चल रहा है, समाज को समझने के लिए उनका नजरिया क्या होना चाहिए, पढ़ाई के दबाव से वे कैसे बाहर निकलेंगे, इन बातों के हल के लिए परिवार में मौजूद लोगों के पास सटीक नुस्खे होते थे। अवसाद से घिरा युवा समझ नहीं पाता कि कहां जाऊं और किससे बात करूं। इसीलिए घर से ज्यादा वक्त किशोर दोस्तों के साथ बिताना चाहता है। स्कूल में पढ़ाई का आधे से ज्यादा काम फेसबुक, मेल-आईडी और व्हाट्सएप के जरिए पूरा हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को शिक्षा से ज्यादा किशोर दूसरी चीजों में कर रहे हैं। स्कूलों की प्राथमिकताएं भी आदर्श छात्र बनाने से कहीं ज्यादा हाई-टेक स्कूल बनाने में है। देश की शिक्षा नीति सूचना प्रौद्योगिकी की तो हिमायत करती है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि अध्यापक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ही क्लासरूम का स्मार्टबोर्ड बना लें। एकल परिवार की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह बच्चे से अत्याधिक अपेक्षाएं रखते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि बच्चों के दोस्त बनकर उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है। उनकी तुलना किसी दूसरे से करने पर उनके किशोरमन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। परिजनों को समझना होगा कि हमारा बच्चा क्या चाहता है और उसकी चाहत का क्या मतलब है। बच्चों को समझाएं कि बदलाव जीवन का हिस्सा है। माता-पिता बच्चों के साथ उनके मन की बातों को साझा करें। बच्चों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। पढ़ाई के साथ ही घर के कामकाज में भी उनकी भागेदारी तय करें। खुद पर नियंत्रण रखने की सीख दें। दूसरों को सम्मान देने की शिक्षा दें। बच्चों से कहें कि उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है। बच्चों के साथ भेदभाव वाला बर्ताव न करें। माता-पिता अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। तभी हम किशोरों को बिखराव से बचा सकते हैं।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के रेडवानी बाला में भारतीय सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार रेजिमेंट) द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कतार में प्रतीक्षा करते ग्रामीण।

## विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा, ओमान ने की छुड़ाने में मदद

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

## मोजाम्बिक में विस्थापितों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी मोजाम्बिक प्रांत में हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित किया। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को दी। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव एवं आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने नामपुला प्रांत में 120000 विस्थापित लोगों के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) से बुधवार को सहायता जारी की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार तक लगभग एक लाख लोग मध्य नवम्बर में प्रांत में हिंसा फैलने के बाद से अपने घरों से पलायन कर चुके हैं।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

## कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला, इस साल 8वीं बार क्रैश हुआ अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्राना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ।

विमान ट्राना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया। इस साल यह आठवीं बार है जब एफ-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है।



■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डालर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपये) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57जी विंग पब्लिक अफेयर्स आफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी। एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था।


# पाक पीएम-आर्मी चीफ पर बैन की मांग

## 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहा: पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। सी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। 44 सांसदों ने लेटर पर साइन करके इसे अमेरिकी विदेश मंत्री के पास भेजा। आसिम मुनीर 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल चुके हैं। 18 जून को ट्रम्प ने उन्हें लंच के लिए व्हाइट हाउस बुलाया था। इस दौरान दोनों ने बंद कमरे में बैठक की थी।

अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से मुलाकात की थी। तीनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। अमेरिकी सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे राजनीतिक कैदियों की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जो अधिकारी नागरिकों की कानूनी आजादी को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सांसदों ने आगे कहा कि ऐसे कदम मानवाधिकारों के तरफ अमेरिका की जवाबदेही को दिखाएंगे। पाकिस्तानी अमेरिकी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय दमन से बचाएंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे। इमरान खान पिछले दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से इमरान के परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था।



■ पाक में सेना सरकार चला रही है आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा
■ पत्रकारों को धमकाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा

### क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं...

**वाशिंगटन।** सांसदों के पत्र के अनुसार, शरीफ और मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो अमेरिकी कानूनों के तहत संभव हैं। वीजा बैन-अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती-अमे. रिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

## कट्टरपंथी विश्व अमेरिका के लिए खतराः मार्क रूबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की 'ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है। विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजी. रिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा। रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह विचार इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है। इराक या सीरिया ने दिखाया है कि उनकी इच्छा सिर्फ दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपने छोटे से खलीफा से संतुष्ट होना नहीं है, वे विस्तार करना चाहते हैं। रूबियो ने ईरान का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) प्रभाव हासिल करने के लिए और विभिन्न संस्कृतियों एवं समाजों पर हावी होने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है।

वहीं इजरायल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ।

एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के लड़ाकों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम समझौता हुआ था। संघर्ष विराम के बाद दोनों तरफ से सक्रिय और बड़े हमले तो रुक गए हैं, लेकिन इसके बावजूद छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी जारी हैं और दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।



■ संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं
■ यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ

## चीन में नई शहरीकरण रणनीति लागू करने का आग्रह

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जन-केंद्रित नई शहरीकरण रणनीति को लागू करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के एकीकृत विकास में निहित घरेलू मांग को खोलने और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का आग्रह किया। ली ने यह टिप्पणी बुधवार को राज्य परिषद के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए की। ली ने कहा कि घरेलू मांग का विस्तार करने, औद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देने और घरेलू खपत को मजबूत करने के लिए नई शहरीकरण रणनीति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पूरे देश में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और 15वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2026-2030) में नए शहरीकरण के विकास के लिए बहुत गुंजाइश है।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है।

द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवम्बर से चरम मौसम की वजह से बनी है। भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, आपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

## वियतनाम प्रौद्योगिकी नवाचार में 34 करोड़ अमरीकी डॉलर निवेश करेगा

**हनोई।** वियतनाम सरकार अगले वर्ष से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपने वार्षिक बजट की चार प्रतिशत राशि आवंटित करेगी, जो नौ खरब वियतनामी डोंग के बराबर है। यह जानकारी वीएनइकोनॉमी ने गुरुवार को दी। कुल निवेश में से सार्वजनिक निवेश 5.5 खरब वियतनामी डोंग से अधिक होगा। नगर निगम की पीपुल्स कमेटी के उपाध्यक्ष त्रुओंग वियत डुंग ने कहा कि 2025 में आठ से 10 प्रतिशत और 2026 में 11 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को बनाए रखने के लिए शहर के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम

## अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जारी किया बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है।

पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मास्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है। बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा कि यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है।

हालांकि रूस और यूक्रेन को 'रेड लाइन्स' प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो श्ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।



■ शांति प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर रूस की असहमति

# हसीना के बेटे सजीब वाजेद के गिरफ्तारी वॉरंट जारी

## जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जाय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जाय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी। इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरक. ारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था। ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को एक और मामले में पूर्व विधि मंत्री अनिसुल हक और पूर्व निवेश सलाहकार सलमान एफ. रहमान के खिलाफ भी औपचारिक आरोप स्वीकार कर लिए। यह मामला कर्फ्यू लागू होने के बाद कथित सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है। दोनों नेता पहले से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें 10 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इसी मामले में पूर्व आईसीटी राज्य मंत्री पलक को भी अदालत में पेश होना होगा। इन कार्रवाइयों के बाद बांग्लादेश की राजनीति में तनाव और गहराता दिख रहा है।



■ हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है
■ जाय हसीना सरकार में ICT मामलों के सलाहकार थे

